Secondly, in my opinion, if the railways have done any service to the country it is this, that for the first time the people of India have learnt that big things can be done in a regular way. The sense of punctuality can probably be introduced among the masses and the general public more by the running of railway trains in time than by anything else. We have learnt many things from the British. We have taken many things from them. But we have not taken the virtue of punctuality. This big organisation running over the whole country taking thousands of passengers with thousands of trains running in time is a phenomenon which has no doubt impressed to a great extent about the utility of punctuality. Gradually, it ought to be encouraged more and more. Therefore, I insist that more attention should be paid to this question of punctuality.

But one thing I want to say. Though I agree with the general conclusion mentioned here, my own personal experience is somewhat different. Whenever I travel by the G.T. Express,—in the course of the year I have to travel more than five or six times—at least on the day I travel, I find that, unfortunately, for some

[Dr. M. S. Aney]

reason or the other, the train is generally not running to time and it is late by half-an-hour, one hour and even four hours. This is my personal experience. Therefore, I want to say, along with the general improvement in the punctuality of trains particular attention should be paid to the G.T. Express also because bulk of the traffic from Madras to Delhi is carried by this train.

Then, I want to draw the attention of the House to another good thing which the Railways have done. I am glad that the railway staff, apart from their ordinary duty, at the time when there was the Chinese aggression, have done some good work to help and save the country. Special mention must be made of the work done by the armed battalions added to the special force or the emergency force in November 1962, in guarding important areas and installations of the railways, protecting trains on the North-East Frontier Railway against attack by the Naga hostiles, maintaining order at the eastern border stations at the time of the large ingress of the refugees and during the student disturbances in West Bengal, Bihar and Orissa. I believe, this is a service which the Railways have done and which you have to recognise. I think, the same spirit will actuate people in the other services of the country. Then, I believe, we need not be afraid of any disturbance inside the country or any difficulty in meeting our enemies if they dare to make an attempt to invade the country and enter inside the territories of India. I want this spirit for the defence of India to be a characteristic for the other services of the Government of India.

Then, I turn to the question of pulling of alarm chains. It is a matter of pity that in India the passengers blame the railway servants for not doing their duty properly; but generally I find that there is a tendency among the passengers also not to look to the convenience of their co-passengers and needlessly pull the alarm chains. This is one of the reasons which adds to the unpunctuality of the railway services. I am told, alarm chains were pulled on about 72,567 occasions in 1962-63 and on 84,333 occasions in 1963-64; that means, with the growing expansion and our progress, this tendency of abusing the use of the alarm chain is also increasing. Something ought to be done in that line. I believe, the Railway Board will find out some way of checking this tendency and punishing those persons for abusing the alarm chains seriously so that this tendency may not grow and is checked.

The total number of losses and irregulrities is given in the Annexure to the Audit Report of the Railways at page 39 which is 1,04,219 and the total amount of the loss is valued at Rs. 1,58,65,319. I have read those reports as carefully as I could and I find that in most of those cases the negligence of the Railway officers is to a great extent responsible for it. There are so many cases that I cannot read them out just now. This kind of loss which the Railways have to incur more or less on account of the negligence of their own servants ought to be taken care of. If you take into account the petty losses here and there and total them together, I am sure, the need for improving or adding to railway fares etc. Which the hon. Minister was compelled to do will probably be obviated. I am sure, as they care to get more revenue, they should also try to save as much as possible and regain every farthing due to them from the people in the proper way. In that way there is a possibility of this thing being less cumbersome to the people.

It is often mentioned here that among our Ministers there is no co-operation. It is a house divided between itself. This is the point that, I

find, is being made by some persons outside. How far this is true, I cannot say; but the speech of the Railway Minister as well as the Report of the Railways, which are placed before us, show that the Finance Department, the Department of Commerce and Industry and the Department of Railways have to a great extent gone hand in hand with each other and decisions were taken by them after due consultation. I think, this spirit of co-operation and co-ordination which is shown in the working of the Railway Department will be a characteristic of the working of all the other departments and we shall have no ground even to hear the whispering reports that there is no co-operation among the ministers and the things of Government are going on better.

श्रीमती लक्ष्मीबाई (विकाराबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आप ने मुझे समय दिया । परसों मंत्री महोदय की स्पीच सुनने के बाद हम को उम्मीद हुई कि आईन्दा रेलवे विभाग अच्छा काम करने की कोशिश करेगा ।

पिछले दिनों में बहुत से आनरेबल मेम्बर्ज ने सिकन्दराबाद में साउथ सैंट्रल जोन खोलने के बारे में विचार प्रकट किये और कहा कि इन दिनों में इस के लिए दो करोड़ रुपये खर्च करना वाजिबी नहीं है ।

12.22 hrs.

[SHRI KHADILKAR *in the Chair*]

जो मेम्बरान दो करोड़ रुपये के बारे में बोले हैं, मैं उन को कहना चाहती हूं कि पहले हैदराबाद हिन्दुस्तान में एक बहुत बड़ी स्टेट थी और उस का रेलवे डिपार्टमेंट बहुत अच्छा और शानदार था । आज हैदराबाद की हालत यह है कि यद्यपि वह हिन्दुस्तान के बीच में स्थित है, लेकिन वहां से दिल्ली, बम्बई, मद्रास, कहीं भी डायरेक्ट जाने की सहूलियत नहीं है । मैं आप को बताना चाहती हूं कि अस्सी साल पहले से हैदराबाद स्टेट में 1400 मील रेलवे लाइन थी । वहां पर गाड़ियां बहुत शानदार थीं, रेलवे डिपार्टमेंट की सर्विस बहुत अच्छी थी , वहां के मुलाजिम बहुत अच्छे और ट्रेनिंग-प्राप्त थे और उनको सैलेरीज भी अच्छी दी जाती थीं । बदकिस्मती से पालिटिक्स के कारण हैदराबाद स्टेट में पुलिस एक्शन हुआ । उस से बुराई तो निकल गई, लेकिन अच्छी बात को भी धक्का लग गया ।

हमारे रेलवे डिपार्टमेंट के सब रिसोर्सिज, जिन की मिल्कियत 200 करोड़ रुपये थी, सेंट्रल गवर्नमेंट ने ले लिए हैं, । पच्चीस तीस साल पहले स्टेट रेलवे के डेवेलपमेंट और एक्सटेंशन का नक्शा बनाया गया था, लेकिन सैंट्रल गवर्नमेंट ने उस की तरफ़ कोई ध्यान नहीं दिया । हमारी इतनी मिल्कियत, इतने रिसोर्सिज और ताकत ले ली गई, लेकिन रेलवे डिपार्टमेंट, रेलवे बोर्ड या रेलवे मिनिस्टर ने कभी इस तरफ़ ध्यान नहीं दिया कि हमारी जरूरत क्या है और हम क्या चाहते हैं। हमारे यहां रेलवे के अतिरिक्त और कोई सहूलियत नहीं थी । लेकिन उस को भी ले लिया गया और हमारी जरूरतों की तरफ़ कभी ध्यान नहीं दिया गया । इसके बावजूद हम लोग अठारह साल से खामोश बैठे रहे और हम ने कभी लड़ाई-झगड़ा नहीं किया । कल एक माननीय सदस्य ने कहा कि जब तक कोई सत्याग्रह आदि नहीं किया जाता, है, तब तक सरकार काम नहीं करती है । यह बात सुन कर मुझे बहुत बुरा लगा ।

हैदराबाद स्टेट में रेल के डिब्बे बनाने का कारखाना कई मकान दफतरों की इमारतें हैं जो कि पंद्रह सत्रह सालों से बेकार पड़े हुए हैं । किसी दूसरी जगह जोन खोलने से इमारतों आदि पर बहुत खर्च करना पड़ता जब कि यहां ये सब चीजें पहले से मौजूद हैं । मंत्री महोदय ने किसी के दबाव या इनफ्लुएंस की वजह से यहां जोन नहीं

[श्रीमती लक्ष्मी बाई]

खोला है, बल्कि इन सब सहूलियतों के कारण ऐसा किया है।

आन्ध्र प्रदेश से लगभग सात आठ लाख टन धान दूसरी स्टेट्स को हर साल जाता है। वहां की पापुलेशन साढ़े तीन करोड़ है और लोगों को कई जगह आने जाने की जरूरत पड़ती है सिकन्दराबाद पुराने जमाने का स्टेशन है और वहां पर बहुत कन्जेस्सन है। हैदराबाद भी छोटा सा स्टेशन है। इन हालत में मेरी समझ में नहीं आता कि वहां पर जोन बनाने से लोगों को क्या तकलीफ़ होती है। इस में पालिटिक्स का कोई प्रश्न नहीं है। यह मिनिस्टर बहुत सोचने वाले और काम करने वाले। इसलिए उन्होंने वहां पर जोन खोलने का एलान किया है। हम आशा करते हैं कि वह वहां पर रेलवे के डेवेलपमेंट के लिए पूरी कोशिश करेंगे और वहां पर जोन कायम रहेगा।

अगर हैदराबाद से कलकत्ता जाना हो तो हैदराबाद से गाड़ी पुरी एक्सप्रैस के नाम से निकलती है काज़ीपेट में जी० टी० गाड़ी को लगा देते हैं विजयवाड़ा में उस को कलकत्ता मेल का नाम दिया जाता है। मैं कहना चाहती हूं कि हैदराबाद से कलकत्ता जाने के लिए चार गाड़ियां चार नामों से लगाना कौन सी अच्छी बात है। इस लिए हैदराबाद से कलकत्ता डायरेक्ट गाड़ी होनी चाहिए। इसी तरह हैदराबाद से दिल्ली और बम्बई आदि भी डायरेक्ट गाड़ी होनी चाहिए। हिन्दुस्तान में हमारी पापुलेशन बहुत ज्यादा है और हमारे करोड़ों रुपये के रेलवे के रिसोर्सिज केन्द्रीय सरकार ने ले लिये हैं। इस लिए रेलवे मंत्री को हमारी ज़रूरतों और समस्याओं की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

जहां तक वैलफ़ेयर फंड का सवाल है वह बीस करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। मुझे इस बात की खुशी है लेकिन अच्छे मिनिस्टर्ज़ और अच्छे आफ़िसर्ज़ होते हुए भी इस फंड का इस्तेमाल अच्छे ढंग से नहीं होता है। जिस को जरूरत होती है, उसको कोई मदद नहीं दी जाती है। हम देखते हैं कि छोटे छोटे मुलाजिमों की बीबी-बच्चे बहुत मुश्किल में होते हैं। जिस स्टशन पर पद्रह बीस मुलाजिम हैं वहां पर इंडस्ट्री खोलनी चाहिए प्राडक्शन सैंटर खोलना चाहिए। ऐसे स्टेशनों पर औरतों के लिए कोई धन्धा नहीं होता। इस लिए वे स्टेशन के आस-पास कोयला चुनती रहती हैं। उनकी अविवाहित जवान लड़कियां कोई धन्धा न होने के कारण पटरियों पर कोयला चुनती रहती हैं। अधिकतर रुपया बड़ी बड़ी इमारतों और दवाखाने आदि पर खर्च कर दिया जाता है। मिनिस्टर साहब बहुत अच्छे हैं इस लिए उन को अच्छी स्कीम बना कर ग़रीब मुलाज़िमों को सहूलियत पहुंचानी चाहिए। और वेलफ़ेयर फंड के रुपये का अच्छा इस्तेमाल करना चाहिए।

माननीय मंत्री महोदय ने कहा था कि वह महिलाओं को और अधिक सुविधायें देने के पक्ष में हैं और उनको सुविधायें दी जाएगी। उन के लिए गाड़ियों में और अधिक डिब्बे सुरक्षित रखे जायेंगे। लेकिन आजकल जो होता है वह मैं आपको बतलाना चाहती हूं। महिलाओं के साथ उन के भाई भी सफर करते हैं। भाई लोग जो होते हैं वे जितना भी सामान उन के पास होता है सारे का सारा महिलाओं के डिब्बों में रखवा देते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि महिलाओं का डिब्बा सामान से ही भर जाता है और उन के बैठने तक की जगह नहीं रहती है। इस तरह से आप चाहे और अधिक डिब्बे महिलाओं के लिए सुरक्षित कर दें कोई खास फायदा नहीं हो सकता है। हमारे मिनिस्टर साहब बैठे हैं। वहत तगड़े मिनिस्टर हैं। उनको देखना चाहिये कि महिलाओं का डिब्बा सामान से ही न भर जाए। जितना सामान एक यात्री ले जा सकता

बीस किलो या तीस किलो उस से अधिक सामान किसी महिला के पास उस के डिब्बे में नहीं होना चाहिये। जो फालतू सामान है उसको भाई रखे या वह लगेज में जाय लेकिन महिलाओं के डिब्बे में इस तरह से सामान नहीं भर दिया जाना चाहिये। पूरा का पूरा डिब्बा सामान से ही भर जाता है ।

आंध्र प्रदेश में जहां तक मेरी कंस्टिट्युएंसी का सम्बन्ध है वहां कोई रेल नहीं है। वहां के लोग बहुत गरीब हैं। हमारे आंध्र प्रदेश का भी आपको खयाल करना चाहिये। मैं एक दो लाइनों के बारे में कहना चाहती हूं और मैं प्रार्थना करती हूं कि इस पर सहानुभूति से विचार किया जाए। एक सैक्शन तो हमें लिंगमपेली से संगा रेड्डी, जोगीपेट, नारायणखेट होते हुए एनादेड़ तक मिलना चाहिये और दूसरा हैदराबाद से इब्राहिम पटन, नालागुंडा, नागार्जुन सागर और माचलरा तक मिलना चाहिये। नागार्जुन सागर बन रहा है। यह बहुत बड़ी योजना है। इस क्षेत्र के लिए एक रेल योजना तो होनी चाहिये। इस तरफ रेलवे लाइन आपको देने के बारे में विचार करना चाहिये यह जो दो सैक्शन मैं ने बताये हैं, इन पर आप गम्भीरता से विचार करें, यह मेरा आप से निवेदन है।

सभापति महोदय : अब आप खत्म करें।

श्रीमती लक्ष्मीबाई : हम महिलायें इस सदन में दो परसेंट भी नहीं हैं। दो परसेंट में से भी एक परसेंट को भी बोलने का समय नहीं मिलता है। जब कोई बोलती है तो आप दो दो मिनट के बाद घंटी बजाते रहते हैं। यह उचित नहीं है ।

एक और बात जो मैं कहना चाहती हूं ....

एक माननीय सदस्य : आखिरी बात है न ?

श्रीमती लक्ष्मीबाई : जब हम बोलती हैं तो बीच बीच में टोका जाता है और उस में हमारा काफी टाइम चला जाता है। इससे घबराहट भी होती है और हम बोल नहीं सकतीं हैं। चार दिन तक कोशिश करने के बाद आज समय बोलने के लिए मिला है लेकिन फिर भी हमें बोलने ठीक तरह से नहीं दिया जा रहा है ।

मिनिस्टर साहब कह रहे थे कि जल्दी लैटर्ज का जबाब दिया जाता है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि दो दो और तीन तीन महीने पहले खत लिखे जाते हैं लेकिन कोई जवाब ही नहीं मिलता है। यह मैं अपनी बात बता रही हूं। पुराने जमाने में ऐसा हुआ करता था लेकिन आजकल तो ऐसा नहीं होना चाहिये। मिनिस्टर लोग आजादी के बाद अपने आ गये हैं, उनको तो अच्छा काम करना चाहिये।

जहां तक कैटरिंग का सम्बन्ध है, इसको अच्छी लाइंज पर चलाया जा रहा है, जो पद्धति है वह अच्छी है। लेकिन जब कोई एम० पी० वगैरह जाता है, वह सफर करता है तब तो खाना अच्छा दे दिया जाता है लेकिन जब कोई एम० पीज सफर नहीं करता है तो खराब खाना दिया जाता है है। वे लोग टिकट वालों से पूछते रहते हैं कि कोई एम० पी० तो नहीं आ रहा है और अगर नहीं आ रहा होता है तो खराब खाना दे देते हैं। लोग हम से कहते हैं कि आप टूर करते रहें ताकि उनको खाना तो अच्छा मिलता रहे। मैं चाहती हूं कि बिना बताये हुए मंत्री महोदय या रेलवे बोर्ड के मैम्बर जा कर इस चीज को देख लिया करें। अगर उन्होंने ऐसा किया तो लोगों को खाना अच्छा मिलता रह सकता है। पटना से मैं आ रही थी। उस डिब्बे में न लाइट थी और न पंखा। गाड़ियों में देखने वाला कोई नहीं होता है ।

[श्रीमती लक्ष्मीबाई]

एक एटेंडेंट होता है जो अपने आप को लार्ड समझता है । वह एक डिब्बे में दरवाजा बन्द कर के सो जाता है । यह जो चीज है इसको भी आपको देखना चाहिये । वह ड्यूटी पर रहे इसका आपको ध्यान रखना चाहिये ।

आपने इस डिपार्टमेंट में लाखों लोगों की फौज भरती कर रखी है । एक व्यापारी होता है वह अगर सौ रुपया इनवैस्ट करता है तो उसको पांच रुपया मुनाफा होता है, अगर हजार करता है तो उसको पचास रुपया होता है और लाख करता है तो और भी ज्यादा होता है । रेलवे में हमने करोड़ों और अरबों रुपया लगा रखा है लेकिन बचा कर ये हमें कुछ भी नहीं देती हैं । जो कमाती हैं वह खा जाती हैं । यह बात ठीक नहीं है । रेलों को पाल पोस कर इतना बड़ा इसलिए नहीं किया है कि ये जो कमायें खा जायें । हमें उन से आशा थी कि ये कमा कर हमें देंगी । लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है काफी रुपया कमा कर रेलों को हमें देना चाहिये । इस ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिये ।

Shri Harish Chandra Mathur (Jalore): Even in this highly critical House with persons like Shri Kamath....

Shri Hari Vishnu Kamath (Hoshangabad): My hon. friend is also a good critic.

Shri Harish Chandra Mathur: It could safely be stated that the railways have by and large done very well. Their performance has been satisfactory to an extent, and there have been no shortages of wagons anywhere. But this should not throw us into a sense of complacenaj; these shortages that we have not felt have been absent not because we have overstepped our production on the railway side but because our iron-ore and coal development and industrial growth had not been to the extent that they were expected to be. That has given a set back to the railways in their revenues also. This has constantly to be borne in mind.

The hon. Minister made a strong point by saying that our railways were very credit-worthy. There is no doubt about it that when they want some foreign loan, there is no difficulty in getting it. The railways are credit-worthy. They are financially sound and they are on a stable basis. But I think that I can go a step further than the hon. Minister and say that even if we do not increase these fares and freights, the railways would certainly have remained credit-worthy, and my hon. friend the Railway Minister is only making a virtue out of a vice by advancing this argument that in order to keep the railways credit-worthy, he is raising further revenues.

The hon. Minister had also advanced the argument about the increase in the customs duties and said that this 10 per cent additional levy would cost the railways additional expenditure. May I know whether the hon. Minister is in a position to give us an assurance that with a decrease in the customs duties he will effect a reduction in the fares and freights because, as I learn from the hon. Minister of Finance, this increase is only an emergency measure of a temporary nature to get over a particular difficulty regarding foreign exchange?

I think the hon. Minister has unfortunately overstressed the commercial aspect of the railways. The railways are certainly one of our most important commercial undertakings. But they lack of the commercial attitudes and salesmanship which are the most important qualities of a commercial concern. Profitability is also important. When we talk about a commercial enterprise or commercial undertaking, we know that it should be profitable, but then we want that the other commercial attitudes also should

be there. For instance, take the question of clientele-satisfaction. That aspect of the railways also should not be ignored in the case of the railways. I wish that the hon. Minister also does not forget that the railways are also a public utility concern.

During all these days we have been talking in this House about the co-ordination between all modes of transport, such as the railways roads and waterways but we seem to have completely forgotten it now. I do not know what has happened. The railways as a big brother have not been very fair to road transport. That has been the complaint of road transport all the time. The co-ordination committee was appointed only with a view to sort out all the difficulties and to see that road transport got its due share. There are certain inhibitory factors operating against road transport at present and if the report of the co-ordination committee which has gone into it is put in cold storage, it is not to the disadvantage of the railways; it is only to the disadvantage of road transport. This has got to be borne in mind.

Then I wish a little more attention is necessary regarding the railways' distribution of zones and divisions. Since 1951-62 upto 1963-64, the tonnage lifted has increased by 96 per cent and the ton kilometres by 132 per cent. We must take note of this increase in load in various sections. I definitely am prepared to say that our zones shoud not be carved on any other considerations except the economic ones on which railway working is based. As we have, say, in the irrigation department, the grid system or zone system, on similar lines the railways should also have certain norms on which their zones should be based. They should be based on scientific criteria; at present, they are a little lopsided.

I would not say that we want a zone for Rajasthan, but I do not want to say that there is urgent need for a metre gauge zone to be carved out separately. Metre gauge has been very much neglected all these years.

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : सभापति महोदय, सदन में कोरम नहीं है ।

Mr. Chairman: The bell is being rung—Now there is quorum.

Shri Harish Chandra Mathur: Why do I say this?

As a matter of fact, if you refer to the Kunzru Committee report if you refer to previous reports and if you refer even to the record which was made out at the very initial stage when zones were carved out, this zone was there. Somehow it does not suit the convenence of certain people. I think this is a matter on which the hon. Minister should throw some light. A metre gauge zone will give better attention to the metre gauge area and there would also be standardisation. Otherwise, we are faced with this type of difficulty.

While on this subject, I would say that you should also look at your divisions. Some of them are very lopsided. Take the Delhi Division. It has a staff of about 30,000 people. Do you think a Division with 30,000 staff would be properly managed? Do you think any personal contact could be kept? I think I need not go further into it, but Divisions have also to be looked into.

Coming to the question of the improvements we expect on our railways, let us not confine our vision only to our own house. Let us see how the entire world is advancing. What has happened elsewhere? The Japanese National Railway has acquired a prestige in the entire world. Their speed is about 200 kilometres an hour. It is on a particular section; I do not say it is the general rule. On the other hand, where are we? During all these 10, 12 years we have made no progress whatsoever in this front. The speed is 50 kilometres an hour on one of our best sections, 55.0 kilometres and 60

[Shri Harish Chandra Mathur]

kilometres. Now, we cannot live in a compartment like that. Therfore, there is urgent need for us to look into this matter.

While on speed, I would also like to refer to punctuality. I am told punctuality has improved. But that is not the personal experience of Members. While from the records we find that punctuality has improved, Dr. Aney told us that every train he travelled in was running late. I will not say that the trains by which I have travelled all were running late. But I have shrewd suspicion that the Jodhpur-Jaipur train was always running late. I warned the railway administration a year earlier. I asked them to mend matters. There was a meeting of Divisional Superintendents. They changed timings. They provided cushion. Yet, what is the state of affairs? This is from information supplied by the railways themselves. During the month of October, the train was on right time only on 12 days; for 13 days it was late by 15 minutes, on 6 days late by more than 15 minutes. Again in November the train could run on right time only 14 times; 9 times it was late by 15 minutes, on 7 days for more than 15 minutes.

13.46 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

I therefore think that a better analysis and better attention has got to be made if we are to be sure, if we are to carry conviction with the people that punctuality has improved and speed has improved.

Then I wish to draw the pointed attention of the hon. Minister to another matter. I had been in correspondence with him for some time on this. I took the opportunity of going and also meeting the Minister and discussing this matter with him. This was regarding the inflated rates they charge on certain sections. There are four sections—Kotkal section, Khandwa-Hingoli section, Fathepur-Churu and Ranivara-Bhildi—where the freights and fares are more than the ordinary ones they are charging. Here they are 1½ times, 2 times and 90 per cent more. I see absolutely no justification for it. They say that their returns are not good. But may I ask whther they charge lesser fares on those routes where the returns are better? Have they fixed a maximum and a minimum. Or is it one pool system for the entire country? Do they consider that the backward sections deserve a little more sympathy or do they want to burden them all the more? Are we following different policies in different modes of transport? As everybody knows, the Caravelle service between Delhi and Madras is running at a very heavy loss. On that account, is the fare from Delhi to Madras different from that from Delhi to Calcutta or Delhi to Bombay? No.

Let us understand and adhere to some principle. As a matter of fact, if the principles enunciated on the floor of the House bear any meaning, it is that the backward areas have got to be given a better lift. I do hope the hon. Minister will give particular attention to this matter.

I have never during the 12 years I have been a Member of Parliament asked for a particular line connection in this area or that area. You can go through the records of all my speeches. But I do wish to say this. Let them not ignore these areas and only attend to those where there is a vociferous demand. We are not hear only to ask about these things. But the fact remains that the Sirohi and Jalore districts have been completely neglected. There has been a consistent and persistent demand. I have been receiving letters all the time. It is no use saying that if all such demands are added up, it would need a thousand crores and so nothing can be done. But I ask that at least this should be taken note of. They should go into the matter and find out.

Another point. You must take much better care of your personnel planning. The railways have always been proud about their personnel. Even Shri T. T. Krishnamachari told me the other day that they have for other public undertakings to depend on recruitment from the railways. That is a great compliment to the railways. I know they have got extremely fine officers, and I do wish to pay a compliment for rebuilding the bridge in the South which was blown away by heavy storm, within two or three months. One of the General Managers,--I have never had the good fortune of meeting him--Shri Ganguli, did an exceedingly fine job of it. Though the target was three months, he built the whole thing in two months time with the utmost economy. But I wish to point out that there is a flight of officers from the railway administration on the one hand, because there are so many projects which are taking them away, and on the other hand, you are now not attracting the best officers. Previously, anyone who passed engineering, would straightaway adopt for the railways, but now they do not do so. Only last evening a young man came to me--he has got an offer from UPSC,--asking my advice whether to go to the railways or elsewhere. I do hope that this thing will be particularly taken note of. Your officers do not get even after having put in 20 years of extremely satisfactory service, promotion even as a junior administrative officer. This is a matter which definitely has got to be looked into.

I also wish in the end that they would select at least 25 railway stations and make them models. Please take those railway stations which are very much visited by foreign tourists. At present, all the platforms are strewn with goods of all kinds, and are dirty, and unfortunately there is the beggar menace. These beggars are known. There are five or six houses attached at all the stations. It is not they are not known. You have got rules and regulations, but they are not implemented. I wish you select 25 or so stations and make a good start.

श्री अ० प्र० शर्मा (बक्सर) : उपाध्यक्ष महोदय मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं दोबारा रेलवे डिमांड्स पर नहीं बोलना चाहता था लेकिन दो कारणों से मुझे बोलना पड़ रहा है।

सब से पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि डिमांड नम्बर २ में जो आरा से ससाराम लाइन का सर्वे करने की बात कही गई है मेरा विश्वास है कि सर्वे के बाद उस काम को मंत्री महोदय जल्दी पूरा कराएंगे। इस बारे में मैं विशेष रूप से इसलिये कहना चाहता हूं कि ऐसा देखा गया है कि बहुत से कामों के बारे में ऐसा होता है कि अगर उस इलाके के मंत्री होते हैं तो उन कामों को शुरू तो करा दिया जाता है लेकिन बाद में रेलवे मंत्रालय उन कामों को बन्द करवा देता है। मैं इस बारे में कोई खास उदाहरण नहीं देना चाहता।

कुछ जरूरी बात रेलवे मंत्री जी से कहना चाहता हूं। मुझे आशा थी कि रेलवे के जनरल बजट की बहस से बाद पाटिल साहब कुछ इस बात की तरफ इशारा करेंगे कि रेलवे की जो प्रगति हो रही है उसके पीछ जो काम करने वाले हैं उन के लिये उनकी क्या योजना है। रेलवे की यहां बड़ी तारीफें हो रही हैं कि रेलवे बहुत सुचारु रूप से चलने वाली संस्था बन गई है देश की बड़ी सेवा कर रही है और इसमें बहुत सी प्रगति की बात की जा रही हैं। इलेक्ट्रिफिकेशन की बात कही जा रही है, रेलवे के डीजलाइजेशन की बात कही जा रही है, रेलों की स्पीड बढ़ाने की बात कही जा रही है। मैं इस मौके पर यह कहना चाहता हूं कि यह सारी जो रेलवे की प्रगति हो रही है उस के पीछे जिन तमाम चीजों की आवश्यकता है उनमें सबसे बड़ी चीज रेलवे में काम करने

[श्री अ० प्र० शर्मा]

वाले जो १२ लाख लोग हैं उनके कोआपरेशन की आवश्यकता है । रेलवे मंत्री की सराहना बहुत की गई कहा गया कि उनकी डाइनेमिक परसनलटी है । बहुत उदार दिल के हैं लेकिन बहस का जो जवाब पाटिल साहब ने दिया उसमें यह नहीं बताया कि क्या रेलवे कर्मचारियों की उन्नति के लिए निकट भविष्य में कोई कदम उठाया जा रहा है जिससे प्रोत्साहित हो कर व ज्यादा अच्छे ढंग से काम करें। मैं इस सम्बन्ध में दो बातें आपके सामने कहना चाहता हूं ।

वेजबोर्ड के सम्बन्ध में उन्होंने अपने जवाब में कहा कि हम अपने कर्मचारियों को इतना सतुष्ट और सुखी रख रहे हैं कि वेज बोर्ड क सील अपने काम पर लगवा देने पर उनको इससे अधिक संतोष नहीं हो सक ा । मैं समझता हूं कि उन्होंने पुराने ढंग से सवाल का जवाब दिया है । रेलवे मंत्रालय इस बात का दावा करता है कि रेलवे में काम करने वाले सभी लोग सतुष्ट हैं । लेकिन अगर पता लगाया जाए तो मालूम होगा । जैसा कि मैं ने बहस के दौरान कहा भी था कि अफसरों से लेकर नीचे दरजे के सभी कर्मचारी लोग आज असंतुष्ट हैं । इसका कारण यह है कि वे देखते हैं कि अन्य उद्योगों में लोग उनसे ज्यादा प्रगति कर रहे हैं । वेज बोर्ड देने के मा ने वेज बोर्ड के सील लगवाने की बात नहीं है । यह यूनीवरसल डिमांड है और मुझे आशा है कि राजस्व मंत्री जी जब उत्तर देंगे तो इस बारे में प्रकाश डालेंगे । आज देश में एक ऐसी हवा बह रही है कि अगर किसी मांग के पीछे आन्दोलन होता है तो सरकार उस पर विचार करती है । मैं चाहता हूं कि इसका सरकार मौका न आने दे । यह सभी मजदूर संगठनों की मांग है । इसकी ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।

इसके बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि रेलवे में चार लाख लोगों का शोषण हो रहा है जिनको कैजुअल लेबर कहा जाता है इन को आज भी एक रुपया चार आना एक रुपया आठ आना और एक रुपया १२ आना रोज पर रखा जाता है । जितना कांस्ट्रक्शन का काम होता है उसमें अधिकतर ये लोग ह काम करते हैं । मुझे आशा है कि राजस्व मंत्री इन की तरफ भी ध्यान देंगे और इनके वेतन में वृद्धि करेंगे ।

आखिर में मैं रेलवे श्रम सम्बन्धी मैशिनरी के बारे में कहना चाहता हूं कि इसमें क्रान्तिकारी परिवर्तन की आवश्यकता है । इसके न होने से लोगों में बड़ा असंतोष बढ़ रहा है और अगर यह नहीं किया जायेगा तो यह असंतोष और बढ़ेगा और उससे किसी को फायदा नहीं होगा । इस बारे में जिस ढंग से रेलवे आज जवाब दे रही है वह संतोषजनक नहीं है । मजदर मांग कर रहे हैं कि जो भी झगड़ा हो उसको आपस में पंचायत से तै किया जाये । इसका जवाब दिया जाता है कि जो भी आज मैशिनरी है वह लोगों की शिकायतों को दूर करने में सफल है और अच्छा काम कर रही है और इसलिये इसमें परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है । मैं कहना चाहता हूं कि इस बारे में सारे मजदूर संगठनों की एक राय है चाहे वे किसी दल से सम्बन्ध रखते हों कि आज जो परमानेंट नैगोशिएटिंग मैशिनरी रेलवे में है वह बेकार है और उस से मजदूरों को कोई फायदा नहीं हो सकता । मजदूरों को उस समय तक फायदा नहीं हो सकता जब तक कि रेलवे बोर्ड के स्तर पर आरबिट्रेशन का प्रावीजन नहीं होता । मैं २५ साल से मजदूरों में काम कर रहा हूं । मैं जो यह बात कह रहा हूं वह इसलिये कह रहा हूं कि इसके बिना लोगों में बड़ा असंतोष बढ़ रहा है । मैं आशा करता हूं कि अपने जवाब में राजस्व मंत्री मैंने

दो तीन बातें आपके सामने रखी हैं उनका उत्तर देंगे।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि बिहार में एक रेलवे पबलिक सरविस कमीशन की स्थापना होनी चाहिये और इसमें रीजनल लेंग्वेज या हिन्दी के माध्यम से क्लास 3 कर्मचारियों की भरती के समय परिक्षा होनी चाहिये इसके सम्बन्ध में कंसलटेटिव कमेटी में श्री पाटिल ने आश्वासन दिया था कि रीजन के आधार पर नहीं बल्कि औचित्य के आधार पर इसकी आवश्यकता है और इसी आधार पर इसकी स्थापना की जायेगी। मेरा सुझाव है कि जहां चार पब्लिक सरविस कमीशन वहां पांच किये जाएं और बिहार में किसी एरिया में इस न सरविस कमीशन क हैडक्वार्टर रखा जाए। यही मेरा निवेदन है।

श्री ओंकार लाल बेरवा : मेंने राजस्थान के बारे मैं कुछ बातें परसों कही थीं लेकिन लेबर के मामले मैं मुझे कुछ और कहना है।

मेरा निवेदन है कि जो कैजुअल लेबर है इसके लिये कोई समय निश्चित कर दिया जाए कि दो साल बाद, एक साल बाद या 6 महीने बाद उसको परमानेंट कर दिया जाएगा क्योंकि अभी उसके लिये कोई ऐसा समय मुकरर नहीं है कि उसको कब परमानेंट किया जायेगा। परमानेंट न होने से उनको अस्पताल की कोई सुविधा नहीं मिलती। यदि कोई उनको दवा दे भी देता है तो अच्छी दवा उनको नहीं दी जाती अच्छी दवायें उनको बाजार से लानी पड़ती हैं। मेंने पिछले महीने कोटा मैं अस्पताल का रजिस्टर देखा तो पता चला कि अस्पताल द्वारा बाजार से जो अच्छी दवायें खरीदी गयी हैं वे बड़े बड़े आदमियों के लिये ही खरीदी गयी हैं, छोटी लेबर का नाम तो उस रजिस्टर मैं नहीं था।

12.06 hrs;.

सारी अच्छी अच्छी दवायें बड़े बड़े आदमियों को मिल जाती हैं जबकि छोटे छोटे कर्मचारियों से कहा जाता है कि वे अपने लिये दवाइयां बाजार से खरीद कर लायें। अब जो सवा या डेढ़ रुपया रोज उसे मिलता है उसमें वह अपना पेट पाले कि दवाई लाये? इसमें आज वह अपना पेट तक नहीं पाल पा रहा है। अब उस बेचारे लेबरर को या क्लर्क को 110 रुपया महीना मिलता है। इस 110 रुपये का आप उसका और उस के परिवार के खाने, पीने और कपड़े आदि आवश्यकताओं का बजट बना दें और देखें कि वह आखिर इस 110 रुपये में किस तरीके से अपनी गुजर बसर करे? आज 110 रुपये में उसकी गुजर होती नहीं है तब 45 रुपये और 60 रुपये में किस तरीके से गुजर करे? जरूरत आज इस बात की है कि कैजुअल लेबर को फिक्स अप कर दिया जाय, उनको बारहमासी कर दिया जाए और रैगुलर हो जाने से उनको यह विश्वास हो जायेगा कि वह एक अवधि के बाद सर्विस में परमानेंट हो जायेंगे। उनके लिये कोई टाइम फिक्स कर दिया जाये कि कब उनको परमानेंट कर दिया जायेगा :

रेलवेज में करीब 44 हजार कमर्शल कर्मचारी काम करते हैं लेकिन उन बेचारों को कोई भी सहूलियत रेलवे द्वारा प्रदान नहीं की जाती है। रेलवेज ने उनको टैम्पोरेरी समझ रक्खा है। न उनके लिये ग्रेड का सवाल है न कोई वर्दी का सवाल है और उनको एक बिलकुल अछूत के मुआफिक बना कर रख छोड़ा है। चोरी आर० पी० एफ० वालें करें और पैसा कमर्शियल क्लर्क की तनख्वाह से काटा जाय, मालगुदाम का खलासी किसी पेटी आदि के ताले को खोल दे, गड़बड़ कर दे तो उसका पैसा कमर्शियल क्लर्क से काटा जाय। अगर कोई मालगाड़ी खराब होने के कारण रुक जाय तो डैमरेज कमर्शियल क्लर्क से लिया जाय, बारिश में सामान भीग जाय तो उसका पैसा कमर्शियल क्लर्क से काट लिया जाय। जब चाहे नीचे दाब लिया, कमर्शियल क्लर्क एक दुधारू गाय के समान है कि जब

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

चाहे दूध कर दूध बाढ़ लिया । आखिर यह कैसा कर्मशियल क्लर्क है जो कि रेलवेज को इतनी आमदनी कर के देता है लेकिन फिर भी रेलवेज की उस पर कृपादृष्टि नहीं होती है । इसलिये मेरा मंत्री जी निवेदन है कि इन कर्मशियल क्लर्कस की तरफ अवश्य ध्यान दिया जाय और उन्हें जरूरी सहूलियतें ग्रेड आदि की प्रदान की जायें ।

एक मेरा निवेदन यह है कि कोटा जंक्शन स्टेशन पर एक भी थाना नहीं है । 20,000 कर्मचारी वहां पर काम करते हैं । अभी पिछले साल दिसम्बर के महीने के अन्दर एक सरदार हैड क्लर्क की जवान एम० ए० पास लड़की को दिन के अन्दर क्वाटर के अन्दर कत्ल करके डाल दिया गया । एक भी थाना नहीं है न ही सिपाही हैं । केवल 4 सिपाही लेकर एक क्वाटर में खोस रक्खे हैं । उन चार सिपाहियों के हाथ में छोटे छोटे डंडे दे रक्खे हैं । अब आप ही बतलाइये यह बेचारे 4 सिपाही 20,000 कर्मचारियों को क्या सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं ? इसलिये वहां पर पुलिस की समुचित व्यवस्था किया जाना अति आवश्यक है ।

90 डाउन देहरादून की गाड़ी के अन्दर काफी रश होता है क्योंकि सारी सवारियां जयपुर जाने वाली होती हैं । उस में केवल दो ही थर्ड क्लास के डिब्बे होते हैं जो कि बिल्कुल नाकाफी होते हैं और सारे मुसाफिर उस में बैठ नहीं पाते हैं । इसलिये मेरा सुझाव है कि नागदा से मथुरा तक एक रेल गाड़ी चलाई जाय या मथुरा से नागदा तक चलाई जाय लेकिन यह गाड़ी चलाई जानी बहुत जरूरी है । जयपुर 11 बजे यह गाड़ी जाकर उतार देती है उस में जयपुर से सवाई माधोपुर तक जाने के लिये कोई स्लीपर कोच का डिब्बा नहीं है ।

कोटा स्टेशन पर जो ओवरब्रिज उस में एक पार्टीशन जाली लगा दिया जाय जैसा कि विजयवाड़ा वगैरह में लगा हुआ है ताकि यात्रियों को सहूलियत हो सके । इस ओवरब्रिज में पार्टीशन बनाने के लिए मैं ने कई दफा कहा है कि उसमें चार फुट का जाली का पार्टीशन खड़ा कर दें जैसा कि कई स्टेशनों पर है तो उन की शिकायत रफा हो सकती है क्योंकि उस में 12 15 गांव के आदमी निकलते हैं। मुसाफिर भी इधर से उधर आते जाते हैं, गाड़ी का टाइम कारखाने का टाइम मिल जाता है, और इस के न होने से काफी अव्यवस्था फैल जाती है। इसलिए अगर यह जाली के पार्टीशन की व्यवस्था कर के अलग हो जाय तो उत्तम रहेगा । कोटा में रेलवे कर्मचारियों को राशन मिलने की कोई भी सुविधा नहीं है । 9 मील जाना पड़ता है । इसलिये कालोनी में ही व्यवस्था की जाय ।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं । लोको वर्कशाप के अन्दर जो कैंटीन वगैरह हैं उन में शैडयूल्ड कास्टस वालों की सुविधा का कोई ख्याल नहीं किया जाता है । जब से श्री जगजीवन राम रेलवेज से गये हैं तब से इस ओर ध्यान नहीं रहा है । कैंटीन आदि की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है और कैंटीन आदि के बारे में किसी भी शैडयूल्ड कास्ट वाले की कोई भी शिकायत सुना नहीं जाती है । वहां कैंटीन में हम देखते हैं कि हरिजन कर्मचारियों के लिए अलग तश्तरियां पटक रखी हैं। मंत्री महोदय इसे स्वयं जा कर चैक कर सकते हैं । ट्रालियों के अन्दर यही हाल है। उन को नहीं चलाने देते और कैंटीन के अन्दर यही हालत है । मैं नहीं समझता कि इस के रहते हरिजनों के साथ कैसे इंसाफ हो सकेगा ? इसलिये मेरा आग्रह है कि आज हरिजनों, शैडयूल्ड कास्टस और शैडयूल्ड ट्राइब्स के साथ जो वहां पर छुतछात बर्ती जा रही है वह दूर की जाय ।

आज कितने ही हरिजन कर्मचारी रेलवेज के नहर के किनारे झोंपड़े डाल कर पड़े

हुए हैं। उन को एक भी क्वार्टर नहीं दिया गया है। क्या वे रेलवज़ के कर्मचारी नहीं हैं जो कि उन को क्वार्टर नहीं दिया जा रहा है ? मेरा निवेदन है कि उन को क्वार्टर मंत्रालय को देना चाहिए। अगर उन को रखना है तो मंत्रालय उन्हें क्वार्टर दे वरना उन को छुट्टी दे देनी चाहिए।

इस के अलावा मैं यह कहना चाहता हूं कि वहां पर 20,000 रेलवेज़ के कर्मचारी हैं। उन के लड़कों के लिए एक एक कोठरी दे रक्खी है पढ़ने के लिए। 110 लड़के पढ़ाने के लिए एक मास्टर और एक क्वार्टर देना बिल्कुल नाकाफी है क्योंकि एक क्वार्टर में तो 110 भेड़ बकरी भी नहीं ठीक से बांधी जा सकती हैं। कहने का मतलब यह है कि इस तरह से उन 110 बच्चों को भेड़ बकरियों की तरह से पढ़ने के लिए भरा जाता है। वहां पर बच्चे पढ़ने के लिए 1250 हैं जबकि मास्टर कुल दस ही हैं और उन को पढ़ने के वास्ते कमरे केवल चार ही हैं। अब ऐसी हालत में वह किस तरह से उस जगह पढ़ सकते हैं ? जरूरत इस बात की है कि अगर वहां दस हजार क्वार्टर आप बनायें तो एक बच्चों के लिए स्कूल भी बनाना आवश्यक है लेकिन वह स्कूल नहीं बनाया गया।

अब मैं थोड़ा सा भ्रष्टाचार का मामला बतला दूं कि वहां पर किस किस तरीके से गड़बड़ घुटाला होता है ? भ्रष्टाचार मिटाने के ऊपर हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री ने कहा था कि अगर रेलवे के अन्दर से भ्रष्टाचार खत्म कर दिया जाय तो सोने की पटरी बन सकती है लेकिन भ्रष्टाचार समाप्त होने की जगह और बढ़ता ही जा रहा है। इस का मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं कि 200 केस इस साल में कांग्रेस के नेताओं, उच्च अधिकारियों तथा साधारण कांग्रेसी सदस्यों के प्राप्त हुए हैं। यह शिकायत भी मिली है कि सरकारी अधिकारी अपने फ्री पास अपने मित्रों को तथा कुछ दूर के रिश्तेदारों को देते हैं। सब से खतरनाक बात कांग्रेस के नेताओं के बारे में यह बतलाई जाती है कि उन में से अधिकांश के पास रेलवे पास नहीं होता, दूसरों को व दिये रहते हैं और इस बारे में जब उन की चैकिंग होती है तो वे टी० टी० को सर्विस छुड़ा देने की धमकी देते हैं। यह एम० पीज०, एम० एल० एज०, कांग्रेस के बड़े नेता यह रेलवे के फ्री पास अपने पास नहीं रखते हैं बल्कि दूसरों को इनका इस्तेमाल करने के लिए दे देते हैं। उन लोगों को फ्री पास न जाने कहां कहां चलता रहता है। अब जब यह हालत हो और इस तरह का भ्रष्टाचार सरकारी अधिकारियों और कांग्रेस के नेताओं द्वारा किया जाय तो देश से भ्रष्टाचार दूर करने की बात केवल एक मजाक ही बन कर रह जाती है।

उत्तरी जोन के अन्दर जनवरी के महीने में 40 केस बगैर पास के सामने आये हैं जिनमें कि लाखों रुपये का घुटाला हुआ है। फ्री पास का अगर इस तरह से जिम्मेदार अधिकारियों तथा कांग्रेस के नेताओं द्वारा दुरुपयोग किया जाता रहा तो यह भ्रष्टाचार रेलवेज से और देश से कैसे दूर हो सकेगा !

एक बात मैं और कहना चाहता हूं। यह जो स्लीपर कोच का डिब्बा है उस डिब्बे के अन्दर जो कंडक्टर रहता है वह बेचारा लैट्रीन के पास बैठता है। कंडक्टर के पास अपने बैठने के लिए कोई सीट ही नहीं है। वह दूसरों को सीट देता है लेकिन स्वयं के लिए कोई सीट नहीं है। अब इस तरह से बगैर सीट के रात भर जागता हुआ चले यह कहां तक उचित होगा ? इसलिए उसे सीट देने की व्यवस्था की जाय।

कोटा जंक्शन स्टेशन पर कोटे की कमी है। हमारे यहां के लिए फ्रंटियर मेल में कोई कोटा ही नहीं है। जहां सवाई माधोपुर और मथुरा में चार, चार दे रखे हैं, वह

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

कोटा में कोटें की कमी है । उसके लिए कोई कोटा नहीं है । वहां से फर्स्ट क्लास का डिब्बा लगता है । उसमें भरत राम और चरत राम के कहने पर ऐयर कंडीशंड डिब्बा लगाया गया जिस पर कि लाखों रुपये का नुक्सान हो रहा है लेकिन फिर भी वह मंगलवार और शनिवार को चल रहा है । उस से फर्स्ट क्लास में चार सीटें रह जाती हैं । जहां 12 सीटें थी वहां अब केवल 4 ही रह जाती हैं इसलिए उस ऐयर कंडीशंड बोगी को बन्द किया जाय और उसकी जगह थर्ड क्लास का डिब्बा लगा दिया जाय ।

एक अन्य बात मैं यह कहूंगा कि कोटा से चलते हुए बीना आने वाली गाड़ी में सिर्फ चार डिब्बे लगते हैं । यह इतने कम हैं कि यात्री बाहर लटकते हुए जाते हैं इसलिए डिब्बों की तादाद और बढ़ायी जानी चाहिए । इतना बड़ा रन है और शाम को जब वह गाड़ी आकर पहुंचती है तो वहां यात्रियों की इतनी अधिक भीड़ रहती है कि वह इन चार डिब्बों में समा ही नहीं पाते हैं इसलिये एक, दो डिब्बे इसमें और जोड़े जाने चाहियें ताकि ग्रामवासी सहूलियत के साथ उनमें सफर कर सकें । इसके अलावा मेरा यह भी सुझाव है कि कोटा से 50 मील के फासले पर एक बारा स्टेशन पड़ता है । बारा से किशनगंज 10 मील है और शाहाबाद उससे थोड़ा 20–25 मील पड़ता है इसलिए बारा से किशनगंज-शाहाबाद तक यह गाड़ी बढ़ा देने में डकैतों पर जो लाखों रुपया साल का खर्च होता है, वह बच जायगा । रेल निकाल देने से वहां काफ़ी चहल पहल हो सकती है । वहां पर लोहे की खदानें भी काफ़ी हैं जिनका कि रेल चला कर पूरा फ़ायदा उठाया जा सकता है । रेल की सीटी और गाड़ी के पहियों की आवाज से चोर डाकू भाग खड़े होंगे जिस तरह से कि मेरी आवाज सुनकर कांग्रेसी सदस्य भागते हैं । अब मैं अपनी आवाज के लिए कर क्या सकता हूं ? सरकार डाकुओं की समस्या का सामना करने में जो लाखों रुपया खर्च करती है वह इस रेल लाइन से निकाल देने से बच जायेगा । इस इलाक़े में रेल की लाइनें बिछाई जायें ।

फलोदी से 9 मील के फासले पर मलादिन में 200 नमक के कुंवें हैं । अगर यह सात, आठ मील का टुकड़ा बना दिया जाय और रेल से इसे सम्बद्ध कर दिया जाय तो काफ़ी मात्रा में नमक वहां से मिल सकता है । यह टुकड़ा बन जाय तो बहुत इनकम हो सकती है । उससे आगे चलकर रामदेवरा स्टेशन है । वहां पर हर साल हजारों रुपया टैम्पोरेरी शैड बनाने में लगता है । त्रिपाल डाल दिया जाता है, उतार लिया जाता है और इस तरह उतारने और लगाने में वह त्रिपाल नष्ट भी हो जाते हैं । जहां से आपको लाखों रुपये की आमदनी होती है वहां पर मंत्रालय को एक शैड बनाने में क्या आपत्ति है ! चार चार ट्रेनें वहां पर जाती हैं, ट्रोल वहां पर जाते जरूर है इसलिए अगर वहां पर कुंआ खुदवाया जाय तो उचित होगा क्योंकि वैसे ही वह रेगिस्तानी इलाक़ा है । मुझे आशा है कि मैंने यह जो चन्द एक सुझाव सदन के सामने प्रस्तुत किये हैं उन पर मंत्री महोदय ध्यान देंगें और उन्हें अमल में लाने का प्रयास करेंगे ।

Shri D. C. Sharma (Gurdaspur): Mr. Deputy Speaker, there is a proverb in the English language that those people who knew only England did not know anythig about England. Now, when I think of the Indian railways I am reminded of that proverb. The people who know the Indian railways only do not see them in their proper perspective and are unable to realise the magnitude of this undertaking, the immensity of its work and the mammoth organisational work that is being done in connection with them. I feel that every one has a grouse against the railways and perhaps I have more grouses than anybody else, but it should be said with an eye on truthfulness that the railways are a model national undertaking and that our other public

undertakings should take a lesson from the railways.

It has been said that the Railway Board is a steelframe of the railways. I think that is so. But I feel that it is a steel-frame which has been oiled well, which has been lubricated well and which has been functioning quite efficiently. Can you have or think of any organisation of this size which is a brain-trust of this small size? I think I should be failing in my duty if I do not say that on the whole the Railway Board has given a good account of itself and the railways have been showing an upward tendency in revenue, in efficiency and in the nature of amenities to the passengers and other things. I congratulate all the workers of the railways, from the railway porters—these are the people with whom I deal more often than with anybody else—to the Railway Minister who is one of the most regal of commoners. I feel that each one of them, whether they belong to the loco class or the commercial class or any other class, deserves our congratulations for the good work that they are doing. I hope that they will continue to do good work.

श्री ओंकार लाल बेरवा : उपाध्यक्ष महोदय हाउस में कोरम नहीं है ।

Mr. Deputy-Speaker: The bell is being rung. Now, there is quorum. The hon. Member may continue.

Shri D. C. Sharma: I value the railways for one reason more than anything else, and it is this: that they are perhaps the only integrating force in this country What has happened to our languages? What has happened to our administrative services? We wanted to have the administrative services as the cementing bonds between one State and another—the judges and other services. But I find at the railways are at present the one organisation in this country which brings about intergration between Gurdaspur and Trivandrum, between Calcutta and Gurdaspur, between one part of the country and another part of the country. I wish that this thing should persist, should continue, and the railways should do this function of national integration much more efficiently than they have been doing before.

When I go to Trivandrum, I travel with my South Indian friends and I do not find any difference between them and myself so far as our outlook is concerned; we take the same food and we talk the same language and the same thing happens to citizens all over India, and I believe that the railways have played their role in cementing the national bonds of this country much more effectively than any other agency, be it the administrative services, the high court judges, the educational system or anything else. But unfortunately whenever there is trouble in this country, the railways suffer more than anything else. The people burn the railway stations; they set fire to the railway carriages. They do all kinds of things. The railways, I think, have to pay the price for being the source of national solidarity in this country.

But I want to put one question to the Railway Minister who is unfortunately not here, but his robust Minister of State is here and his lean Deputy Minister is also here. I feel that both of them taken together may come up to him though nobody singly can come up to him. I want to ask one question: why can't you have some trains which can be show-pieces all over the world. The Olympic Games were held in Japan recently; they put a new railway track; they designed new trains; they made new compartments. They had new kinds of locomotives and they accelerated the speed of the trains to an abnormal extent. I ask this question as to why this kind of thing is not done in this country. Why can't we compare ourselves with some other country, say, Japan, so far as some of these showpieces in the matter of railway transport are concerned? Of course, on the whole, we compare very favourably with them, but we should produce a locomotive which runs very fast and which can make me say when I go

[Shri D. C. Sharma]

to France or Japan or any part of the world: "We have also a train which travels at the rate of 200 km. per hour" and so on. That is what I wanted to say, and I hope the Railway Minister will do something in this regard.

I do not look upon the Railway Minister only as an employing agency. I want the Railway Ministry to be an ideal employing agency. Of course, I would like to have a wage board for every type of worker. I would like to have a wage board for teachers also. But if a wage board is not possible, I would say that the different categories of railway employees should have the pay-structure rationalised in terms of the locality where they serve, in terms of the danger which their job involves and in terms of difficulties of the profession which they profess. Unfortunately, it is not done.

Take, for example, the ticket collectors. They have a very difficult job to do. I do not know what the railways are doing about it. Take the case of those persons who are working in NEFA, in the Northeast Frontier Railway. What are you doing for them? Have you given them anything by way of compensation, because they are living in a very dangerous place and they are manning the railways at a place where there is perpetual unending and unceasing crisis? You do not do anything of that kind. You want to have only one yard-stock by which you will measure everybody. I think this policy of uniformity should be reconsidered.

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh): They are given extra.

Shri D. C. Sharma: I would like that you give them more, because, my hon. friend Dr. Ram Subhag Singh, whose good health I envy and who is sitting here will realise that they work in a place where there is always the fear of death every moment. I think you must pay them sufficient compensation for the hazards of their professions which are involved in the exigencies of the situation.

I have read Dr. Beecham's Report about English Railways. He has done away with all the uneconomic lines there. That is how they are making the finances of the Railways sound. But we are not doing that here. That is a good thing.

I want to ask the Railway Ministry one thing. We want to construct a railway line from Pathankot to Kathua, from Kathua to Jammu, and from Jammu to Riyasi. But, why are they taking such unconscionably long time in constructing that? It is a strategic line. It is a line which is fraught with military advantages. It is a line which would be our life line in times of emergency. It is a line which would be needed at any moment and yet they are so slow about it. I want a categorical answer to my question, why so much time is being taken. I would be told that there are so many rivers. How can we produce a land where there will be no rivers? I would be told that there are so many mountains. I cannot produce a land where there will be no mountains. It is the work of the engineers to overcome the disabilities created by rivers and by mountains and if they are not able to do so, they are not worth the salt. Therefore I think this strategic necessity of our country will be realised and this railway line constructed quickly—from Pathankot to Kautha, from Kautha to Jammu, from Jammu to Riyasi and, Sir, if you don't mind my saying this, from Riyasi to Rajouri, which happens to be the birth-place of my mother and I would like that place to be connected by railway line.

Then, I would like to say something on another thing. I want the Railway Ministry to be also the Ministry of Education. It should teach people

cleanliness. It should teach people how to use and protect the national property. It should teach people how to be tolerant towards others—tolerance which is the supreme virtue of democracy. I think the Railway authorities have got to do this important work.

So much has been said about overcrowding and suggestions have been made that more janata expresses should be started. It is a good suggestion, and I hope that all those suggestions will be considered. But I wish to make an entirely new and different suggestion in this matter. Half the overcrowding can be controlled if certain new methods are adopted by the Railway Ministry and the railway officers to bring about some improvement in the habit of people travelling with heavy luggage, if some arrangement could be made by the railway authorities to put such luggage in different compartments or make such arrangement by which the luggage is booked and sent by a compartment other than the compartment where the people sit, the overcrowding could be reduced to a very great extent.

I would also like to suggest that new methods should be adopted to protect the Railway property. All the old methods have not proved successful, and lakhs and lakhs of rupees worth of property of the Railways are either stolen away or they deteriorate. New techniques should be adopted in this respect, and there should be new stores. And the disposal of the waste property should be made very prompt and quick.

Sir, I thank you for giving me the time.

श्रीमती सुभद्रा जोशी (बलरामपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आज तो बड़ा सौभाग्य है कि आज हमारे बैकवर्ड एरियाज की और बैक बेंचेज की बारी मालूम होती है।

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

मैं भी ऐसे एरिया से सम्बन्ध रखती हूं जहां सिर्फ रेलवे लाइन ही नहीं है, वहां तो कुछ भी नहीं है, न रेलवे लाइन है, न सड़कें हैं और न और कुछ है। वहां जा कर तो ऐसा मालूम होता है कि वहां पर कोई सरकार ही नहीं है। वह एरिया है गोंडा और बलरामपुर का।

मैं मंत्री जी की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने बहुत कोशिश की, लेकिन फिर भी मैं यह कहे बिना नहीं रह सकती कि इस खतो-किताबत के बाद कुछ किया गया। लखनऊ से पास होते हुए भी रास्ता इतना लम्बा हो जाता था कि उसमें बहुत समय लगता था क्योंकि कई गाड़ियां बदलनी पड़ती थीं। तो बहुत प्रार्थना करने पर मंत्री जी ने लखनऊ से बलरामपुर तक एक सीधी गाड़ी चलायी ताकि गाड़ी बदलनी न पड़े। जब यह गाड़ी चलने वाली थी, तो विरोधी पार्टी ने, जो कि हर बात की बहुत खबर रखती है कि क्या होने वाला है, यह प्रचार करना शुरू कर दिया कि हम ने यह काम करवाया है। उस पार्टी ने एक पोस्टर बंटवाया कि उनके अनथक परिश्रम करके यह गाड़ी चलवायी है। खैर तो वह गाड़ी चली और जब गाड़ी चली तो कांग्रेस वाले कहने लगे कि हमने चलवायी है और दूसरी पार्टी के लोग कहने लगे कि हमने चलवायी है। लेकिन कुछ समय बाद उस गाड़ी की यह हरकत शुरू हुई कि चाहे जब रुकने लगी और चाहे जब चलने लगी और इस कारण घंटों लेट होने लगी, चार-चार पांच-पांच घंटे लेट होने लगी। इस पर जनता को बड़ा गुस्सा आया तो कांग्रेस वाले कहने लगे कि जनसंघ ने यह गाड़ी चलवाई और जनसंघ वाले यह कहने लगे कि कांग्रेस ने चलवाई।

मैं मंत्री जी को मुबारकबाद देती हूं कि हमारे कहने पर उन्होंने उस गाड़ी को जरा तेज करवाया है लेकिन मेरी प्रार्थना है कि उसको और तेज करवाने की कोशिश की जाये।

मुझे यह भी कहना है कि इस गाड़ी में जो फर्स्ट क्लास के कम्पार्टमेंट हैं वे भी बड़े रद्दी हैं। मालूम होता है कि जो सब जगह से खराब हो जाते हैं वे वहां लगा दिये जाते हैं। उनमें अगर पानी का टैप खोला जाता है तो पानी के बनिस्पत कोयला ज्यादा निकलता है, न उनमें बिजली है, न खिड़की दरवाजे ठीक से खुलते और बन्द होते हैं। वे अपनी मरजी से खुलते और बन्द होते हैं मुसाफिर की मरजी से नहीं। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि उस तरफ तवज्जह दी जाए।

वैसे तो फर्स्ट क्लास के कम्पार्टमेंट हर इलाके के कुछ ऐसे बने हैं कि उनमें कुछ न कुछ गड़बड़ी है। जो वाश बेसिन हैं उनके ऊपर स्टैंड इस तरह लगे हैं कि उनके बीच में सिर डाल कर हाथ मुंह धोना बहुत कठिन होता है। मैंने यह भी देखा कि कई जगह उनको उखाड़ कर दूसरी जगह लगाया गया है। पता नहीं, जनता ने यह काम किया है या रेलवे ने अपनी गलती महसूस करके उनको दूसरी जगह लगाया है।

इसी सिलसिले में मुझे यह भी याद आता है कि तीसरे दरजे में जो सोने के लिए एक के ऊपर एक तीन-तीन बर्थ बनायी गई हैं वे ऐसी हैं कि जो आदमी सब से ऊपर की बर्थ पर सोता है उसको उतरना मुश्किल होता है, उसको कुली ही उतारता है क्योंकि वह बैठ नहीं सकता और उसके लिए यह समस्या होती है कि पहले सिर को नीचे करे या पैरों को। इसलिये उसको लेटे लेटे हुए को कुली उतारता है।

इसी तरह की कुछ बात मैंने फर्स्ट क्लास में देखीं। उनमें ऊपर की बर्थ अगर खुला हो और अगर नीचे ऊंचे कद का आदमी बैठा हो तो उसको बहुत दिक्कत होती है। वह सीधा नहीं बैठ सकता। एक बार मैंने देखा कि एक सरदार जी नीचे की सीट पर लेटे हुए थे। वे किसी को बैठने नहीं देते थे। जब ऊपर की बर्थ पर सोने वाला उठ गया और वह बर्थ ऊंची की गई तो वे उठ कर बैठे। मैंने पूछा कि क्या आपकी तबीयत कुछ खराब है, तो उन्होंने कहा कि नहीं, पर मैं इसलिये लेटा था कि जब तक ऊपर की बर्थ खुली रहती है तब तक मैं बैठ नहीं सकता। उनकी गरदन ऊपर की बर्थ तक आती थी। जब फर्स्ट क्लास के लोगों को इतनी तकलीफ होती है तो तीसरे दरजे के लोगों को तीन बर्थ होने की वजह से कितनी दिक्कत होगी इसका अच्छी तरह अन्दाजा लगाया जा सकता है। मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगी कि इसका इन्तिजाम करें। उन्होंने बहुत सी फैसिलिटीज दी हैं, लेकिन इस फैसिलिटी के बिना तो लोगों को बहुत तकलीफ हो गई है।

मैं यह भी कहना चाहूंगी कि जो गोंडा जिले का बलरामपुर का एरिया है वह नेपाल के बारडर से बहुत मिलता जुलता है। हमारे यहां का आखिरी स्टेशन जो जरवा इहर आ है वहां लाखों रुपये का पत्थर रेलवे और दूसरे लोग तुड़वाते हैं। लेकिन उस पत्थर को लाने के लिए वैगन्स की बड़ी बदइन्तिजामी है। वहां हजारों मजदूर काम करते हैं। उनके खाने का कोई बन्दोवस्त नहीं है, रहने का कोई बन्दोवस्त नहीं है और जो पत्थर वे तोड़ते हैं उसको लाने का कोई ठीक इन्तिजाम नहीं है। उस तरफ वैगन्स देने का अच्छा प्रबन्ध होना चाहिये।

इसके अलावा उसी एरिया में जो बारडर का एरिया है, गोंडा जिले में, कई साल पहले रेलवे ने एक सरवे करवाया था सादुल्ला नगर और अतरौला के बीच में। उस सरवे को हुए दस पन्द्रह साल हो गये। वहां से सीधी लाइन जरवा तक जाने वाली थी और इस तरह बारडर तक जा सकती थी। लेकिन लाइन नहीं बनी। सरवे होने से लोगों को उम्मीद हो जाती है। मालूम होता है कि कुछ सरवे तो रेलवे सिर्फ लोगों को तसल्ली देने के लिए ही करवा देती है। मैं चाहती हूं कि उस तरफ ध्यान दिया जाए और कुछ न हो तो कम से कम कुछ आदमियों को उस तरफ भेजा जाए ताकि लोगों को उम्मीद हो कि लाइन बनेगी। इस तरह उम्मीद करते करते काम हो भी जाया करता है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि जो सरवे किया गया था उस पर अमल किया जाए और यह लाइन डाली जाए।

मुझे एक और ताज्जुब होता है कि जो ट्रेन एग्जामिनर रात को ड्यूटी देते हैं उनको एलाउंस नहीं दिया जाता। यह एलाउंस असिसटेंट स्टेशन मास्टर या स्टेशन मास्टर को दिया जाता है और लोगों को दिया जाता है जो रात में काम करते हैं। लेकिन न मालूम क्यों ट्रेन एग्जामिनर्स को नहीं दिया जाता। जितन गाड़ियां स्टेशन मास्टर देखता है उतनी ही ट्रेन एग्जामिनर देखता है। जितन गाड़ियां असिसटेंट स्टेशन मास्टर देखता है उतनी ह ट्रेन एग्जामिनर को देखनी पड़ती हैं। पर उन को उस कैटेगरी में नहीं डाला गया है। कुछ रेलवे जोनों में यह नाइट अलाउंस ट्रेन एग्जामिनर्स को मिलता था। इस के बारे में लखनऊ के ट्रेन एग्जामिनर्स ने पत्र लिखा कि जब उन जोंस के लोगों को यह नाइट अलाउंस मिलता है तो हमें वह क्यों नहीं दिया जाता है। अब इसका परिणाम उलटा हुआ। बजाय इसके कि उन्हें भी यह नाइट अलाउंस दिया जाता जिन लोगों को अभी तक वह भत्ता मिलता था उनका भत्ता काटे जाने की नौबत पैदा

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

हो गई है। मेरी समझ में ट्रेन एग्जामिनर्स की नाइट अलाउंस की प्रार्थना को रेलवे मंत्रालय को स्वीकार कर लेना चाहिये। अब अगर रात को काम करने से स्टेशन मास्टर की सेहत ख़राब होती है तो ट्रेन ऐग्जामिनर्स की सेहत रात को काम करने से अच्छी तो हो नहीं सकती है उसकी भी सेहत ख़राब ही होगी।

एक बात और परेशानी की है और वह रेलों में कैटरिंग की व्यवस्था का सवाल है। हमारा ऐसा अनुभव है कि पहले जब हम लोग रेलों में सफर किया करते थे तो असानी से और समय पर अच्छा खाना व चाय वगैरह हम लोगों को मिल जाया करती थी। आज से दस, पन्द्रह साल पहले का हमारा यह अनुभव है कि हमें वक्त पर मांगने पर खाना व चाय अच्छी मिल जाया करती थी लेकिन अब वह बात हमें दिखाई नहीं देती है। अब अगर हम लंच मांगते हैं तो कह दिया जाता है कि लंच नहीं मिल सकता है उस का समय निकल गया है, चाय मांगो तो उस के लिए भी कह दिया जाता है कि चाय का टाइम निकल गया है। अगर स्टेशन पर किसी तरह वेटर न आये उस से कंटैक्ट न कर सकें तो फिर आप कितना ही चाय या खाना मांगते रहें कोई सुनवाई नहीं करता है और न खाना आपको मिलता है और न ही चाय। इस के कारण अक्सर हमें काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। न तो उतर कर दौड़ कर डाइनिंग कार तक पहुंच सकते हैं और न ही आर्डर दे सकते हैं। कई दफ़े तो दिन भर बगैर कुछ चाय या खाना मिले ही निकल जाता है अगर वेटर साहब ने मेहरबानी नहीं की आर्डर लेने के लिए। लखनऊ से दिल्ली को दो तरफ से वाया मुरादाबाद और वाया कानपुर दो गाड़ियां चलती हैं। जो गाड़ी लखनऊ से कानपुर हो कर दिल्ली जाती है तो उसमें तो सुबह कहीं चाय तक भी नहीं मिल पाती है। अगर उनसे कहो कि दूसरी ट्रेन पर तो चाय वगैरह मिल जाती है तो जवाब यह मिलता है कि चूंकि उसमें प्राइवेट ठेकेदार का इंतजाम है इसलिये मिल जाती है यहां चूंकि रेलवे डिपार्टमेंट्ल कैटरिंग है इसलिए नहीं मिल पाती है। रेलवे की विभागीय कैटरिंग की यह व्यवस्था बहुत ही अफ़सोसनाक है। रात भर का सफर किये हुए यात्रियों को बगैर चाय के स्टेशन पर आ कर उतरना पड़ता है। दिल्ली तक उन्हें कुछ भी नहीं मिल पाता है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि मंत्रालय इधर ध्यान दे और चाय वगैरह यात्रियों को देने के वास्ते मुनासिब इंतजाम किया जाये।

गाजियाबाद स्टेशन पर ट्रेन एक मिनट के लिए रुकती है। चाय आदि के लिए जब स्टेशन मास्टर से कहते हैं और गार्ड से कहते हैं तो वह कहते हैं कि हम क्या करें अगर वह चाय आदि नहीं लाया है? चूंकि गाड़ी बहुत कम समय के लिए वहां पर ठहरती है इसलिये अक्सर बाकी चेंज भी यात्रियों को वैरा लोग नहीं देते हैं। अब या तो वास्तव में उन के पास पैसे वापिस करने का समय नहीं होता है या वापिस करने की इच्छा नहीं होती है और बेचारे यात्रियों को बाक़ी चेंज से भी हाथ धोना पड़ता है। मैं चाहती हूं कि मंत्री महोदय इन सब बातों की तरफ़ तवज्जह दें। जो पिछड़े हुए इलाके हैं उनमें रेल की सुविधा का विस्तार करें। वे खुद वहां तशरीफ़ ले जायं और देखें कि वहां की क्या हालत है?

श्री बाकलीवाल (दुर्ग) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जो समय दिया उसके लिए मैं आप का बड़ा आभारी हूं। अभी

थोड़ी देर पहले शर्मा जी ने कुछ रेलवेज एप्लायीज और लेवर के सम्बन्ध में कहा था जिससे कि मेरा बोझा कुछ हलका हो गया है लेकिन फिर भी कुछ बातें मैं आप के सामने रखना चाहता हूं।

भिलाई में हमारा मार्शलिंग यार्ड है। एक कौलोनी बनी हुई है। कुछ मकान भी बन गये हैं। पहले कहा गया था कि 3,000 मकान वहां के रहने वालों के लिए बनेंगे लेकिन बने केवल 1,500 क्वार्टर हैं। केवल 30 परसेंट रेलवे कर्मचारी उन क्वाटरों में रहने लगे हैं। सब कमचारियों को अभी क्वार्टर नहीं मिले हैं। 10,000 से ऊपर आबादी वहां हो चुकी है।

एक प्राइमरी स्कूल वहां खुला हुआ अवश्य है हालांकि वह भी बड़ी मुश्किल से खुला। बीच में रेलवे बोर्ड ने यह कहा कि एजूकेशन तो स्टेट सब्जेक्ट है और इसे स्टेट वाले करेंगे, हम रेलवे वाले इसे क्यों करें। बहरहाल जब बहुत उसके लिए कहा गया तो जा कर यह प्राइमरी स्कूल वहां पर उन्होंने खोला है। प्राइमरी स्कूल में पांच क्लास हैं, पांच से भी ज्यादा क्लास हो गये हैं लेकिन टीचर्स दो ही हैं। मैं यह इसलिये मिनिस्टर साहब को बतलाना चाहता हूं कि कभी-कभी एफिशिएंसी जिस डिपार्टमेंट में हो उस में भी कैसी-कैसी बातें हो जाती हैं? रेलवे विभाग द्वारा खोले गये इस प्राइमरी स्कूल के दो साल हो गये लेकिन रजिस्टर या स्टेशनरी उनको नहीं मिली थी और नतीजा यह होता है कि टीचर्स बेचारों को अपने पास से लेकर लिखना पड़ता था। अब तो मुझे मालूम हुआ है कि रजिस्टर और स्टेशनरी आदि मिल रही है। वहां पर मुझे ऐसा मालूम हुआ है कि हायर सेकेंडरी स्कूल खुल गया है। प्राइमरी स्कूल में दो ही टीचर्स हैं जो कि नाकाफ़ी हैं। टीचरों की तादाद बढ़ाई जाय। अभी जो एक प्राइमरी स्कूल चलता है वह बहुत कम पढ़ता है और वहां और प्राइमरी स्कूल खोला जाये। इसी तरह से मैं कहना चाहता हूं कि राजहरा में भी कोई प्राइमरी स्कूल नहीं है।

रेलवे के कर्मचारियों को आज के महंगाई के युग में तनख्वाह नाकाफ़ी साबित होती है और जब वे तनख्वाह में इन्क्रीज की मांग करते हैं तो वह हक वजानिब है अगर तनख्वाह उनको कम भी मिले तो भी वे संतोष कर सकते हैं लेकिन उनको रहने की अच्छी जगह मिले, सफ़ाई हो, उनके बच्चों को पढ़ने की सुविधा सुलभ हो और उनके और उनके परिवार वालों के इलाज के लिए अस्पताल आदि की व्यवस्था समुचित रूप से हो। रेलवेज में मार्शलिंग यार्ड खुल गया, अस्पताल खुल गया, घर बन गये लेकिन सिनैटरी कंडीशंस ठीक नहीं रक्खी गयी है। जितने स्कूल खुलने चाहिएं उतने नहीं खुल पाये हैं। वहां अस्पताल तो है मगर एक लेडी डाक्टर नहीं है। राजहरा में तो डाक्टर भी नहीं है। राजहरा और दुर्ग में सिनैटरी कंडीशन ठीक नहीं है और ड्रैनेज की व्यवस्था नहीं है। राजहरा स्टेशन के पास सैकड़ों एकड़ जमीन है जिसको कि लोगों ने एनक्राच कर रक्खा है। उसमें उन्होंने मकान बना लिये हैं, मकान बना लिये इतना ही नहीं बल्कि उन लोगों ने मकान बना कर उन्हें किराये पर दे रक्खा है। रेलवे डिपार्टमेंट उन्हें खाली नहीं करा पा रहा है।

कैजुएल लेबर की बात श्री ए० पी० शर्मा ने कह दी है। उन की तीन श्रेणी हैं सी० पी० सी०, और मिनिमम वैजेज वाले व ओपेन लैंड की अलग अलग कैटोगैरीज हैं। कैजुअल लेबरर्स की अलग-अलग रेट हैं। सी० पी० सी० के लिए 75 जमा 28 डी० ए० है। 1 रुपया 75 पैसे

[श्री बाकलीवाल]

मिनिमम वैजेज के लिए है और 1 रुपये 52 पैसे ओपैन लैंड के लिए है । मैं नहीं समझता कि एक ही काम करने वालों को यह कम मजदूरी क्यों मिलती है ? यह काम करने वाले आखिर खाते तो एक सा ही हैं और काम भी उतना ही करते हैं तो फिर इनमें मजदूरी के बारे में क्यों फर्क किया जाता है ? इन सब श्रेणियों की मजदूरी को बराबर कर दिया जाये । अगर यह कर दिया जाये तो यह सब झगड़ा मिट सकता है ।

मैं चाहता हूं कि दुर्ग भिलाई, भाटापारा और अनूपपुर में रेस्ट गिवर्स और लीव रिजर्वड की संख्या बढ़ायी जाये । वहां पर कर्मचारियों को पिछले चार साल से रेस्ट एंड लीव नहीं मिल पायी है इसलिए लीव रिजर्व की संख्या बढ़ायी जाये । एक तो ओवरटाइम उनसे कराने के लिए पैसा ज्यादा देना पड़ता है और दूसरे एफिशिएंसी में भी फर्क पड़ता है ।

एक दूसरा असन्तोष रेल कर्मचारियों में इस स्टौ गैप प्रमोशन या आफिशिएटिंग चार्ज को लेकर फैल रहा है । होता यह है कि अगर किसी से उसका अफसर खुश हो गया तो भले ही वह जूनियर क्यों न हो उसको आफिशिएटिंग चांस प्रमोशन का दे दिया जाता है और फिर बाद में जब प्रमोशन देने की बात आती है तो उस आफिशिएटिंग चार्ज वाले को सीनियर करार देकर उसे प्रमोट कर दिया जाता है । नतीजा इसका यह होता है कि बहुत से लोग जो कि सिन्यारिटी की बेसिस पर प्रमोट होने चाहिएं वे प्रमोट नहीं हो पाते हैं । इसलिये मेरा इस बारे में सुझाव यह है कि आप इस प्रमोशन के काम को रैगुलराइज करें ताकि मुलाजिमों के मन में ऐसा भाव पैदा न हो कि उनके साथ कोई बेइंसाफी की गई है या अमुक के साथ बजा तौर पर पक्षपात किया गया है ।

मार्शलिंग यार्ड के पास चरौंदा नाम का स्टेशन बनाया है । भिलाई कारखाने की वजह से यह सब चीजें बनी हैं । आस-पास में भिलाई के लोग काफी रहते हैं और वहां से उन्हें अभी आने जाने की कोई सुविधा नहीं है । उस स्टेशन पर गाड़ी खड़ नहीं होती है । वह स्टेशन नहीं है । मैं चाहता हूं कि वहां पर एक शैड बना कर तुरन्त स्टेशन चालू कर दिया जाय और गाड़ी वहां खड़ी हो ताकि आसपास के लोगों को जिन्हें कि अपनी जरूरियात पूरी करने के लिए जाना पड़ता है उन्हें सुविधा हो जाये । ऐसा होने से वहां के लोगों को भिलाई और दुर्ग में काम करने वालों को इधर से उधर आने जाने में बड़ी सुभीता हो जायेगी ।

दुर्ग स्टेशन बहुत इम्पार्टेंट स्टेशन है और वह डेवेलप हो रहा है । लेकिन जब भिलाई का कारखाना बना है तो भिलाईनगर भी उसका ही भाग है । इस लिए मंत्री महोदय उसकी तरफ भी ध्यान देने की कृपा करें ।

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का सवाल है । हाउस में कोरम नहीं है ।

उपाध्यक्ष महोदय : घंटी बजाई जा रही है—अब कोरम हो गया है । माननीय सदस्य अपना भाषण जारी रखें ।

श्री बाकलीवाल : मैं अपने क्षेत्र की भी बात कहना चाहता हूं । हमारा छत्तीसगढ़ का एरिया धान में सरप्लस है । वह हिन्दुस्तान की बहुत सी जगहों को धान सप्लाई करता है । लेकिन आज वहां जो रेलवे का डेवेलपमेंट हुआ है,

वह सिर्फ़ धान या अन्य अन्न में सरप्लस होने की वजह से नहीं, बल्कि उस के लिए धन्यवाद है हमारी प्राकृतिक सम्पत्ति को। अगर हमारे यहां भिलाई का कारखाना न खुलता, तो सम्भवतः हमारे यहां भिलाई से दल्ली-रजहरा और भिलाई से नंदनी की दो नई लाइनें न होतीं। मैं रेलवे मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि अगर वहां भी कुछ थोड़ा बहुत ध्यान दिया जाये, तो आज जो किसानों को रेल-हैड न होने के कारण भाव कम मिलता है, वह स्थिति न हो और उन को पूरे दाम मिलें और वहां के लोगों को लाभ हो।

दुर्ग से जबलपुर लाइन का बहुत दिनों से सरवे हो चुका है। वह लाइन चालू करनी चाहिये। अगर रायपुर-धमतरी-राजीम लाइन को, जो कि छोटी लाइन है, बड़ा कर दिया जाये, तो ज्यादा सुविधा होगी।

इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं।

Shri D. J. Naik (Panchmahals): I thank you for giving me an opportunity to speak on the Demands for Grants relating to the railways. Perhaps, I am the last speaker. . . .

Shri C. K. Bhattacharyya: But not the least.

Shri D. J. Naik: The railway Administration is the biggest administratartion in the public sector. It has two aspects; one is the commercial aspect and the other is the service aspect. So far as the commercial aspect is conerned, I think the performance is satisfactory and efficient. So far as the service aspect is concerned, there are several shortcomings and deficiencies. Still, the nation can be proud of this public sector undertaking. It is a progressive public sector undertaking.

I am glad that during the year 1965-66, on the Western Railway, the preliminary-*cum*-final location survey for doubling the line from Godhra to Baroda is being undertaken and similarly the preliminary engineering-cum traffic survey from Ahmedabad to Gandhinagar, the new capital of Gujarat is also being undertaken. I am very happy that these two surveys have been included in the programme for 1965-66. For that, I congratulate Shri S. K. Patil and Dr. Ram Subhag Singh, the two capable Ministers in the Railway Ministry, who are also dynamic. I hope that the service deficiencies and shortcomings will be mitigated very much.

Shri C. K. Bhattacharyya: Congratulate them in anticipation.

Shri D. J. Naik: Yes.

I have some suggestions also to offer. There are several scheduled areas in this country which are very much undeveloped. I might mention Bastar in Madhya Pradesh which is a wholly undeveloped area. A railway line must be there from Raipur to Jagdalpur if we want to develop that area and if we want to do some service to the Scheduled Tribes people. Similarly, the Nimar area of Madhya Pradesh also requires development. Both these areas are full of minerals and full of forest produce. From Indore to Dohad also a railway line must be laid. Some years back, a preliminary survey was made but nothing has been done up till now. These two areas require development and for that purpose railway line is necessary, both from the point of view of the development of the area as also of the people living therein.

The Ankleshwar oil-field is a very rich oil-field. There is one Dahej port on the Bay of Cambay. That port is being developed now. I would suggest that that port should be linked with Baroda by a broad gauge line. Baroda is fast developing industrially,

[Shri D. J. Naik]

and, therefore, this line should be laid, and a preliminary survey should be undertaken for this purpose and this should be done in the Fourth Plan.

I would like to mention some other complaints also. The Scheduled Tribes labourers are being cheated by the contractors. They are taken up to Kotah from my area and they are cheated by the contractors. So, I would suggest that some method should be devised by the Railway Administration so that the contractors would not take advantage of the illiteracy and ignorance of the Scheduled Tribes. I suggest that co-operative societies should be sponsored by the Railway Administration with the co-operation of non-official agencies, and that is the only way to safeguard the interests of the ignorant and illiterate Scheduled Tribes people.

On the Western Railway, there are two trains from Delhi to Bombay, the Janata Express and the Dehra Dun Express. Both these trains are overcrowded; they are overcrowded to such an extent that the people have sometimes to travel on the roofs. I would suggest that one more train should be run either from Ratlam to Ahmedabad or from Bhopal to Ahmedabad. There is one passenger train from Bhopal to Ahmedabad, but that runs very slowly, at hardly a speed of 15 k.m. an hour. So I would suggest that an express train should be run between Bhopal and Ahmedabad, so that the two State capitals or the two important cities in the two States could be linked by a fast means of communication. That would remove the congestion on the Dehra Dun Express as well as the Janata Express. I would request that my suggestion may be looked into.

So far as fuel consumption is concerned, I find that the expenditure is going up. I have looked into the explanation given in the Demands for Grants booklet in regard to fuel consumption. I would suggest that this matter may be looked into, because to my mind the explantion given is not satisfactory. I would request the Railway Ministry to look into this matter and see that the expenditure on fuel consumption is brought down.

Similarly, the expenditure on compensation for lost or damaged goods is also increasing. There is pilferage in the yard, and there is pilferage at other places also. This should be looked into, and some method should be devised so that the incidence of pilferage could be minimised, and the compensation for damaged or lost goods could be lessened.

Then, I would mention one point relating to my constituency. I would like to point out that there is a platform shed constructed at the Dohad station which is so small and which is, in fact, a mockery of a shed. My hon. friend Dr. Ram Subhag Singh has seen that station. The Railway Minister Shri S. K Patil also knows about that area. I would suggest that a larger platform shed may be constructed at that place. It is only 50 feet in length and about the same size in breadth. It should be extended.

In regard to the deluxe train, while the Down train coming to Delhi stops at Godhra, the up train does not stop there. I would suggest that that deluxe should stop at Godhra because it is the headquarters of the district and is a growing and developing town. I hope the Minister will look into these two suggestions.

15 hrs.

Another suggestion is about catering. I understand railway catering is far better than private catering. Even then, there is difference in catering in a deluxe train and that in the janata, the former of a higher type and the latter of inferior standard. Catering should be uniform and equal everywhere irrespective of the class travelled by passengers. Sometimes I tra-

vel by third class; if I give an order, it is not immediately attended to; it takes some time. When I travel by firs class, I find that the order is immediately attended to. That difference should not remain between first class and third class passengers. Catering should be uniform and similar in standard in all the trains, in all clases. Otherwise, our talk of a just social order and a socialistic society will remain mere words, not implemented in action.

श्री वीरप्पा (बीदर) : उपाध्यक्ष महोदय मैं एक बहुत ही पिछड़े हुए इलाके से आता हूं । मेरा जिला मैसूर स्टेट का आखिरी जिला है । उस आखिरी जिले का मैं रहने वाला हूं । उस क्षेत्र की रेलवे के बारे में जो एक कमी है, उसको मैं आपके सामने रखता हूं । वह कमी यह है कि सिकन्दराबाद से परली जाने वाली जो गाड़ी है वह बहुत ही धीमी चलती है । मैंने गुजशता साल इसका जिक्र किया था । मैं जानना चाहता हूं कि क्या वजह है कि उसकी स्पीड में कोई अन्तर नहीं आया है । आप उन्हीं को भोजन दिया करते हैं जिनके पेट पहले से भरे होते हैं लेकिन जो भूखे होते हैं उनको आप भी भोजन देना नहीं चाहते हैं । जो लोग पिछड़े हुए इलाकों से आते हैं उनकी कोई सुनता नहीं है, वे जो कहते है उसकी कोई कीमत नहीं होती है । ऐसा नहीं होना चाहिये । आप को पिछड़े हुए इलाकों की तरफ भी ध्यान देन चाहिये, वहां जो कमियां है, उनको भी दूर करना चाहिये । मेरे एरिया में जो रेल हैं उसमें न पानी की व्यवस्था है न लाइट की व्यवस्था है और न ही उस गाड़ी की रफ्तार तेज है । उस रेल रास्ते में एक बहुत ही महत्वपूर्ण देवस्थान परली बैजनाथ है । वहां पर बहुत अधिक संख्या में यात्री जाते हैं और वहां यात्रा करते हैं । वहां बहुत दिक्कत पैदा होती है । यात्रियों के ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है । इसकी भी आपको व्यवस्था करनी चाहिये ।

एक और कमी की तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । विकाराबाद से उदगीर तक कोई दवाखाने की व्यवस्था नहीं है । चाहता हूं कि बीच में बीदर में एक दवाखाने की आप व्यवस्था कर दें ।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जहीराबाद से शोलापुर तक जहां तक हो सके एक नई लाइन होनी चाहिये । बाबू जगजीवन राम जी जब रेल मंत्री थे उस वक्त वह मैसूर जब पधारे थे तो पब्लिक की ओर से एक डैपुटेशन उन से जा कर मिला था और मैंने उन से कहा था कि हमारा कोई पुरसाने हाल नहीं है, हमारा भी ख्याल किया जाए, हमारा कोई ख्याल नहीं करता है तो उन्होंने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया था । लेकिन अभी तक इसकी कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है । गुजशता साल भी मैंने यहां पर यह चीज आपके सामने रखी थी । लेकिन अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है । जहीराबाद से शोलापुर 190 मील है । यह लाइन बाया हुमनाबाद से जाए । बीच में बहुत सी मंडियां हैं, बिजिनेस खूब होता है, इस वास्ते इस लाइन पर नुक्सान होने की कोई आशंका नहीं है, फायदा ही आपको होने वाला है ।

सिकन्दराबाद से बंगलौर तक के लिये एक बड़ी लाइन के बारे में भी मैंने कहा था लेकिन अभी तक उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है । मैं चाहता हूं कि आप इसके हर एक पहलू पर ध्यान दें । आपके समय के जो कारनामे हैं वे बहुत सुन्दर हैं, यशस्वी हैं । लेकिन आप हमारे जो बैकवर्ड एरियाज हैं, उनको भी देखें । जहां तक हो सके आप दक्षिण रेलवे के ऊपर ध्यान दें । वहां पर रेल के डिब्बे जला कर एक धोखा किया गया है । मैं चाहता हूं कि जहां पर जलाये गये हैं उन के कोटे में से और जितने जलाये गये हैं, उतने उनके कोटे में से काट करके रेलों की भरपाई की जाए । यह जो मद्रास राज्य में हुआ है । डिब्बों को नुक्सान पहुंचाया गया है, बिला वजह पहुंचाया गया है, इसके बारे में रेल मंत्रालय को विचार करना चाहिये कि क्या यह उचित नहीं होगा कि उनके कोटे में से इतने डिब्बे

[श्री वीरप्पा]

काट दिये जायें और इस तरह से भरपाई की जाए ।

15.07 hrs.

[SHRIMATI RENU CHAKRAVARTTY *in the Chair*]

अन्त में हरिजनों और गिरिजनों के बारे में मैं एक बात कहना चाहता हूं । इनको रेलों में अधिक सहूलियतें दी जानी चाहियें । जिस तरह से परीक्षाओं में आप हरिजनों और दूसरों को कंसेशन देते हैं, उसी तरह से नौकरियों में उनका कोटा न रहते हुए भी आप उनको सहूलियत दें, यही मेरी आप से प्रार्थना है ।

Mr. Chairman: Shrimati Lakshmikanthamma. I will allow six or seven minutes as I wish to call the hon. Minister of State at 3.15.

Shrimati Lakshmikanthamma (Khammam): Madam, thank you very much for the opportunity given to me. First of all, let me express my sadness at the way in which the language riots have resulted in damage to public property, including railway property. I feel in democracy there are other methods, peaceful methods, in which one can express one's dissatisfaction at the way things are going on. I feel, Sir.....

Mr. Chairman: At least the hon. Member should address me as 'Madam'.

Shrimati Lakshmikanthamma: Madam, when Shrimati Vijayalakshmi Pandit was presiding over the UN General Assembly, she said that the word 'Chairman' could be used for a woman even if she was presiding.

Mr. Chairman: That is my ruling too. But in your case I was thinking that you might address me as 'Madam'.

Shrimati Lakshmikanthamma: Madam, I congratulate the Ministry and the staff and workers on the speedy completion of the Pamban bridge. It was really a pleasant surprise that within the quickest time this bridge was completed. We never expected this would be done in such a short time and traffic resumed.

As regards the new railway zone with Secunderabad as headquarters, opinion has been expressed that Guntakal and Waltair should also be included in it. By the time the Nagarjunasagar project wil be completed, lakhs and lakhs of acres will come under production. Meanwhile, a survey should be made for a line to connect Hyderabad *via* Nagarjunasagar and Ongole. This is very urgent from the point of view of transport of foodgrains to other parts of the country.

A survey is being undertaken for the Bhadrachalam Road-Dantewara railway line. The other day I visited Kothagudam and Dantewara. Last time I had asked the Deputy Minister and he said that that bridge would go through. Bhadrachalam as you know is a very important pilgrim centre, next only to Tirupati and Srisailam. When I went there the survey was going on, and people told me that the bridge would be constructed not at Bhadrachalam proper, but 20 miles away. I would like to impress on the Minister that it is very important to connect this pilgrim centre. It will also get very good revenue for the railways while helping the pilgrims and passengers who visit these places. He should ask his engineers to explore the possibility of connecting Bhadrachalam proper through this line Kothagudam to Dantewara.

15.11 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

As has been mentioned here by Members from Andhra Pradesh as well as others, the people of Andhra Pradesh are very much agitated over the rail-cum-road bridge over the Godavari at Rajamundry. I am very

thankful that the Railway Ministry has been very considerate in this matter. Since the Railway Minister is an important member of the Cabinet, he should help us in this matter. This is almost assuming the importance of the language problem in Madras, and this sort of feeling should not be allowed to grow. They have every reason to get agitated over this. While the construction of the rail bridge will cost Rs. 4 crores, this will cost only another Rs. 2·5 crores. So, they should take up this rail-cum-road bridge when the railway bridge is constructed.

A demand has already been voiced about a through train to Hyderabad. Some time back I made a request that the G. T. Express should stop at Khammam, my constituency, which is the district headquarters as well as an important business centre. When two years back I wrote on this matter to the Ministry I was surprised to get a reply saying that this train could not be stopped at Khammam, as it was only 60 miles from Bezwada. They told me where I should get down, which train I should catch to reach Khammam, as if I do not know myself. I never wanted this information. I wanted that because of the importance of Khammam as district headquarters and a business centre the G.T. Express should stop there.

The trains come there at all sorts of odd hours, and they stop for only one or two minutes. I have had bitter experience of this. When I wanted to get into the train, the doors were locked in First Class, they would never open, and there was no time to get into the third class. By the time you go from the first class to the third class, the train would have already moved. Once it so happened that the train went away without my being able to get into it. We should also alert the conductors in the first class compartments and see that they get up at every station and help in opening the doors.

Regarding railway catering, I only want to say one word. The bearers have to pay Re. 1 or something like that extra for their food. I think it is not an easy job even for us, in spite of our free ticket, to move about. How difficult it must be to travel by train to and fro! When they have to travel for so many hours, we should at least give them this facility of free food.

As for facilities for women, most of the lady Members have mentioned about it. Sometimes upper berths are given for pregnant women. How do we expect pregnant women to get up? It may be dangerous to their very lives. So, I think this upper berth system in ladies compartments should be dispensed with, though I do not say there may not be some energetic women.

It is my experience that most of the first class waiting rooms in my constituency are unclean and dirty. Whenever I bring it to the notice of the authorities, they spray DDT, but afterwards it continues in the same old state. It is hell. You would rather stand outside in chillness and suffer than bear these bugs and mosquitoes. So, there should be regular spraying and cleaning of these waiting rooms.

In my place, all trains come in the middle of the night at 1 O'clock or 3 O'Clock. The licensed collies take your things to be put in the train, but when the train comes, he is sleeping. You have to go and wake him. You do not know where he is sleeping. By the time you find him the train goes away. So, there should be a shift system for these licencesed coolies.

The public should give all co-operation to the railways in the speedy running of the trains. I know that in Guntur and other places people get into the train, pull the chain and ask others to come in. In this connection, there is a joke. It is not so much a joke, it must have really happened. It seems that some people saw an old woman walking by the side of the railway track and

[Shrimati Lakshmikanthamma]

asked her to get into the train, but she replied that she had some urgent work and had to go very soon, so she would not get into the train. So, the trains are running at that speed.

In conclusion, I have one or two small requests to make. I want halting stations at Pattabhipuram in Guntur District and Mangalagiri Road, and the railway bridge at Guntur to be extended to Arundalpet side, so that passengers getting down may go either side as is done at Vijayawada.

Dr. Ram Subhag Singh: I was listening very carefully . . .

श्री हुकम चन्द कछवाय : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि दो मंत्री पहले ही अंग्रेजी में बोल चुके हैं। अगर डा० राम सुभग सिंह हिन्दी में बोलें तो ज्यादा अच्छा है। उनकी मातृभाषा भी हिन्दी है।

डा० राम सुभग सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ध्यान से अभी अन्तिम वक्ता महोदया का भाषण सुन रहा था। उन को जो दुःख हुआ रेल की यात्रा में उसके कारण मुझे बड़ा दुःख हुआ। अब से हम लोग ऐसी व्यवस्था करेंगे कि उनको कोई खास कठिनाई न हो।

यह बड़े सन्तोष की बात है कि इस सदन के कतिपय सदस्यों ने, करीब एक दर्जन सदस्यों ने रेलवे के इस रोल का बड़ा ऐप्रिसिएशन किया कि इसके कारण देश में एकता की भावना बढ़ती है और दूर दूर के प्रदेशों में पूर्व से लेकर पश्चिमी तट तक और लद्दाख से लेकर धनुषकोटि तक के लोगों में, एकता की भावना जगी है, और इस बात का सबूत यह भी है कि पम्बन पुल के बनने पर लोगों में हर्ष की ज्योति जगी है। इन प्रशंसात्मक बातों से हम लोगों को काफी प्रोत्साहन मिला, और हम जरूर यह प्रयत्न करेंगे कि यह कार्य हमारा और भी आगे बढ़े।

आज यदि आप रेल के नक्शे को भारत के मानचित्र के सन्दर्भ में देखें तो पायेंगे कि जहां जहां रेल गई हैं वहां वहां कोई न कोई तरक्की का कार्य हुआ है। लेकिन यह भी आप जानते हैं कि भारत का क्षेत्रफल करीब 12 लाख वर्ग मील से ज्यादा है और इस में दो पौने दो लाख वर्ग मील पहाड़ और जंगल हैं जो प्रधानतया उत्तर हिमालय में, राजस्थान में और पश्चिमी किनारे पर पड़ते हैं। यह इलाके ऐसे हैं जिनका बड़ा सामरिक महत्व भी है। इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता। एक दर्जन से ज्यादा सदस्यों ने, और विभिन्न दलों के सदस्यों ने, इस बात पर बल दिया है कि रेल का विस्तार होना चाहिए और यह विस्तार होना चाहिए औद्योगिक दृष्टि से, कृषि की तरक्की की दृष्टि से, वन सम्पदा के इस्तेमाल की दृष्टि से, खनिज पदार्थों के इस्तेमाल की दृष्टि और सामरिक महत्व को देखते हुए भी। तो सारा खाका ऐसा होना चाहिए जिससे भारत के कोने कोने के लोगों में एकता की भावना और बढ़े और इस दृष्टि से जब हम रेल के कार्यों को देखते हैं तो स्वभावतः उससे जरूरत से ज्यादा संतोष होता है। आप चले जाइए नार्थ फ्रांटियर डिवीजन से द्वारका और माधोपुर तक और कन्याकुमारी तक—वहां रेल नहीं है लेकिन टिन्नेवेली में है—या धनुषकोटी चले जाइए—वहां जो दुर्घटना हुई उसका हमको बहुत दुःख है—आप देखेंगे कि लोगों को रेल से प्रेम है और वह समझते हैं कि इसके चलते उनका विश्वास कायम रहेगा। वैसे आवागमन के और भी साधन हैं, जैसे हम हैलीकाप्टर से जाकर कहीं भी उतर सकते हैं। जैसे कि संसद में सारे भारत का विश्वास है कि इसके चलते देश की स्वतंत्रता और नागरिक स्वतंत्रता पर कभी आंच न आयेगी उसी तरह से लोगों में विश्वास है कि रेल के चलते उनमें आत्मबल रहेगा। रेल के चलते लोगों में यह विश्वास रहता है कि मुसबत

के वक्त हमारे पास कहीं से भी सहायता आ सकती है । जिन दिनों चीन का आक्रमण हुआ उन दिनों मैं तंजोर में था । वहां के लोगों में जो भावना थी उस समय नेफा और लद्दाख के लोगों को मदद करने की वह देखने योग्य थी । रेल एक ऐसी कड़ी है जो देश के एक भाग को दूसरे भाग से जोड़ती है और इसलिए हम लोग चाहते हैं कि इस का व्यापक रूप से विस्तार हो ।

अब तृतीय पंचवर्षीय योजना में एक हजार किलोमीटर कैरिड फारवर्ड लाइन्स बनीं जो द्वितीय पंचवर्षीय योजना की थीं और इसके बारे में.....

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : क्या बम्बई मंजलोर लाइन भी बनाएंगे ?

डा० राम सुभग सिंह : लिमये साहब को यह समझना चाहिये कि जब वह बोले तो हम चुप रहे थे, अब उनको चुप रहना चाहिये।

2600 किलोमीटर लाइन की बात थी । अभी तीन चार महिला सदस्याओं ने भाषण दिए । उनमें श्रीमती सहोदरा बाई थीं जिन्होंने गोआ में काफी शानदार काम किया था, श्रीमती सुभद्रा जोशी थीं, श्रीमत सावित्री निगम थी और श्रीमती लक्ष्मी कांतम्मा थी । इन चारों का अपना निराला स्थान है । इन सभी ने अपने इलाकों के बारे में चर्चा की और उन्होंने यह भी बताने की कोशिश की कि उनके इलाके पिछड़े हैं । पिछड़े तो मैं मानता नहीं क्योंकि ये चारों बहुत आगे हैं लेकिन इनके इलाकों की जरूरतों की देखभाल जरूरी है ।

कल श्री राम सहाय पांडेय ने बताया कि योजना में चालीस पचास करोड़ रुपया नई लाइनों के लिए और उन्होंने बस्तर और रायपुर में लाइनें बनाने की बात कही । कई और सदस्यों ने मध्य प्रदेश में ज्यादा लाइनें बनाने की बात कही । गुजरात में हुबली कारबार में लाइन की बात कही गयी । श्री टेकू साहब ने हासपेट और बलारी के बारे में कहा और श्री बसुमतारी जी ने आसाम के बारे में कहा । आसम के सम्बन्ध में माननीय रेलवे मंत्री ने बताया कि क्या योजना है और वहां क्या करने के हमारे अरमान हैं ।

15.28 hrs.

[MR. SPEANER *in the Chair*]

जो हमारी योजना बनेगी उसमें यह देखना होगा कि हमारे देश के कौन से अविकसित इलाके हैं, कौन इलाके सामरिक महत्व के हैं । श्री अब्दुल गनी गोनी ने काश्मीर के बारे में कहा । कठुआ लाइन तो अगले अक्तूबर में ही खुल जाएगी और वहां से रियासी के लिए भी लाइन के बारे में सोचा जा रहा है । वहां जाने को दो रास्ते हैं यह सोचा जा रहा है कि किस तरफ से यह लाइन जाए । जम्मू काश्मीर हमारे निगाह में हैं और उसको हम अपनी निगाह से ओझल नहीं होने देंगे । उन्होंने श्रीनगर की भी चर्चा की । हम मानते हैं कि उसका भारत की स्वतंत्रता के लिए जरूरत से ज्यादा महत्व है । श्री बसुमतारी जी ने, श्री पी० सी० बरुआ ने, श्री हजारिका ने, मणिपुर, असम, त्रिपुरा, अगरतला आदि के बारे में चर्चा की है । इन सब बातों को देखना पड़ेगा । जिस समय सदन के सामने योजना का प्रारूप आवेगा उसे देखना होगा कि योजना में किस का समावेश किया जाना चाहिए । इस संसद को अधिकार होगा कि उस पर तमाम दृष्टियों से विचार करे और योजना में हम जो रकम रखना चाहते हैं उसके बारे में फैसला करने का अधिकार संसद को है और संसद यह तय करेगी कि उस धनराशि का किस प्रकार उपयोग किया जाए ।

लाइट रेलवे के नेशनलाइजेशन के बारे में भी कहा गया। अणे साहब ने कुछ डिसमेंटल्ड रेलवेज के बारे में कहा । ये लाइनें नागपुर

[डा० राम सुभग सिंह]

के आसपास की हैं । उन पर विचार किया जाएगा । उन्होंने कहा कि जब देश को जरूरत थी उस वक्त उन लाइनों को उखाड़ा गया, अब उनको लगाना चाहिये । उनकी बात सही है । उसको भी ध्यान में रखा जाएगा और दृष्टि से ओझल नहीं किया जाएगा । जो बातें उन्होंने बतायीं उनकी जांच पड़ताल की जाएगी ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती ने जगदलपुर के इलाके के बारे में और दूसरे इलाकों के बारे में कहा । उनकी बातों पर विचार किया जाएगा और जो कुछ यात्रियों की सुविधा के लिए किया जा सकता है किया जाएगा ।

सबसे बड़ी बात स्टाफ के कोआपरेशन की हमारे कई साथियों ने उठायी । श्री ए० पी० शर्मा, श्री प्रिय गुप्त, बरुआ, जी श्री डी० सी० शर्मा आदि ने इस बात को हमारे सामने विशेष रूप से रखा । इसमें सन्देह नहीं कि जो हमारे साथी रेलवे में काम करते हैं उनका काम बड़ी सतर्कता का है । अगर किसी और काम में कोई कर्मचारी कुछ कम सतर्कता भी करे तो सारा काम खराब नहीं हो जाएगा लेकिन अगर रेलवे का ड्राइवर चाहे कोई दूसरा कर्मचारी थोड़ी भी शिथिलता दिखलावे तो काम में बड़ी क्षति हो सकती है । इस दृष्टि से मैं इस काम को बहुत महत्व का मानता हूं और ऐसा करने की कोशिश की जाएगी कि इस विभाग में काम करने वाले साथी संतुष्ट रहें । उन्होंने समय समय पर देश हित के कार्यों में शानदार सहयोग दिया है और जब जब मौका आया है उन्होंने अपने दिल पर पत्थर रख कर देश का साथ दिया है ।

जब चाइनीज आक्रमण हुआ उस वक्त रेलवेज ने उस इलाके में जो पार्ट अदा किया वह अत्यन्त शोभनीय है । ऐसी स्थिति में यह देखना ही होगा कि जो उनकी आवश्यक जरूरतें हैं सहानुभूति-पूर्वक उनकी पूर्ति करने का यत्न किया जाये ।

केजुअल लेबरर्ज के बारे में भी कहा गया है । हमने नार्दर्न रेलवे और पड़ौस की तीन चार रेलों से खबर मंगाई है कि उनकी मजदूरी क्या है । उनसे मालूम होता है कि करीब दो रुपये से ज्यादा दिये जाते हैं । लेकिन इस हाउस में इस विषय में जो दो बातें कही गई हैं मैं उनको पूरी तरह नहीं मानता हूं । मिनिमम वजिज एक्ट एक पुराना एक्ट है । हर एक स्टेट में--और केवल स्टेट ही नहीं अलग अलग जिलों या सब-डिविजन्ज भी--उनकी मजदूरी की दरें अलग अलग हैं । जो भी हो हमारी यह मंशा कभी भी नहीं होगी कि जो हमारे गरीब मजदूर भाई हैं --और वह भी कैजुअल--हम उनको किसी भी तरह ऐसी स्थिति में डालें जिन में उनको नहीं डालना चाहिए । इस दृष्टि से हर साल उनकी वेज पर रिव्यू कराने की कोशिश की जायेगी । हम मिनिमम वजिज एक्ट के बारे में भी लेबर मंत्रालय से बात करेंगे कि इसमें और क्या किया जा सकता है ।

जहां तक स्टाफ की को-आपरेशन का सवाल है मैं कहना चाहता हूं कि जो दोनों बड़ी बड़ी फेडेरेशन्ज हैं उनसे हमको पूरा सहयोग मिलता रहा है । जब वे रेलवेज को सबसे बड़ी नैशनल अंडर-टेकिंग की दृष्टि से देखते हैं--जैसा कि माननीय सदस्य श्री डी० सी० शर्मा ने उसको माडल अंडरटेकिंग बताया है--और उनके सदस्यों और रेलवेज के उन कर्मचारियों के द्वारा जो काम हो रहा है जो कि किसी भी फेडरेशन के सदस्य नहीं हैं तो यह असम्भव है कि हम ऐसी कोई

कार्यवाही करें जिस से वे समझें कि उनके जायज हक पर कुठाराघात किया गया है।

श्री माथुर ने कहा कि फतेहपुर, चुरू खांडवा, हिंगोली रानीवाड़ा और भिल्दी आदि जगहों पर इन्फूलेटिड रेट लिया जाता जाता है। हम उस की देख-रेख करेंगे कि कैसे वहां दुरुस्ती लाई जाये। उन्होंने यह भी कहा कि जोन साइंटिफिक स्टडी के आधार पर बनाए जायें। यह कोशिश बराबर रही और आगे भी रहेगी कि बगैर साइंटिफिक स्टडी के कोई जोन न बनें। उन्होंने खासकर मीटरगेज जोन की बात कही। उस साइंटिफिक स्टडी का जो भी परिणाम होगा वह भविष्य में सामने आयेगा।

माननीय सदस्य श्री खाडिलकर ने पूना-मिरज लाइन और सतारा के बारे में जो सुझाव दिया है उस पर विचार किया जायेगा।

माननीय सदस्य श्री महीड़ा ने कहा कि यद्यपि राजकोट टाउन पर स्टेशन नहीं है लेकिन उस नाम की टिकटें अभी भी चलती हैं। हम उस अड़चन को दूर कर देंगे।

श्री जाधव ने मनमाद में पानी की शार्टेज का जिक्र किया। उस को दूर किया जायेगा।

श्री राधेलाल व्यास ने मध्य प्रदेश और इन्दौर वगैरह की दिक्कतों का हवाला दिया। हम उन दिक्कतों को भी दूर करेंगे।

श्री सरजू पाण्डेय (रसड़ा): गोविन्दपुर रेलवे स्टेशन पर जो इलाहाबाद–भटनी रेलवे लाइन पर है आज तक गाड़ी खड़ी नहीं होती है।

डा० राम सुभग सिंह: श्री सरजू पाण्डेय मुझ से बात कर लें क्योंकि उन्होंने डिस्कशन के वक्त यह बताने का कष्ट गवारा नहीं किया।

श्री हेडा ने रेलवे पब्लिक सर्विस कमीशन की तथा-कथित अनियमितताओं की ओर हम लोगों का ध्यान आकृष्ट किया हालांकि उन्होंने कोई उदाहरण नहीं दिया। मैं उनसे बात कर लूंगा। अगर वह कोई उदाहरण देंगे तो उसकी पूरी जांच करा ली जायगी। श्री त्रिवेदी ने भी ऐसी अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। हम उन्हें भी देखेंगे।

यहां पर डिब्रुगढ़ की भी चर्चा की गई, गोहाटी से लमडिंग तक डाइनिंग कार देने के लिए कहा गया और वहां की ट्रनों की स्पीड बढ़ाने की मांग की गई। यह जरूरी है कि वहां स्पीड बढ़े क्योंकि एक से अधिक माननीय सदस्यों ने उस इलाके की ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने के बारे में कहा है खासकर लमडिंग–बदरपुर लाइन पर।

श्री युद्धवीर सिंह (महेन्द्रगढ़): सब गाड़ियों की स्पीड बढ़ानी चाहिए।

डा० राम सुभग सिंह: माननीय सदस्य को हरियाना एक्सप्रैस काफी स्पीड वाली गाड़ी दी गई है।

श्री प्रिय गुप्त ने धनुष्कोटि के बारे में जुडिशल एन्क्वायरी की बात कही। श्री राजाराम ने भी यह कहा उसके बारे में जो रिपोर्ट आई है उसको यहां और राज्य सभा में भी बता दिया गया। उससे ज्यादा कुछ कहने की हम आवश्यकता नहीं समझते।

जहां तक कम्युनिस्टों की अराष्ट्रीय गतिविधियों का सम्बन्ध है मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय सीमाओं पर पीछे जो आक्रमण हुआ था उस की भी भूमिका कोई नहीं थी बल्कि उसके पीछे एक बहुत बड़ा इतिहास था । जिस समय मास्को में बैठ कर साम्यवाद को दुनिया में फैलाने का कार्यक्रम तैयार किया गया उस समय एक नारा लगाया गया था कि यूरोप में साम्यवाद का झंडा लगाने से पहले एशिया को विजय किया जाये । अंग्रेजी में शब्द ये थे : रोड टु पैरिस थ्रु शंघाई एंड कलकत्ता । इसी के अनुसार कम्युनिस्टों ने शंघाई को विजय करने के बाद कलकत्ता को निशाना बनाया था । मैं श्री नन्दा

से यहां पूछना चाहता हूं कि क्या इसी कम्युनिस्ट पार्टी की नीति इस प्रकार की नहीं रही कि उस ने भारत के पूर्वी भाग को, चाहे वह नेफा हो, चाहे नागालैंड हो या आसाम या पश्चिमी बंगाल हो, अपनी गतिविधियों का विशेष रूप से केन्द्र बनाया ।

चीनी आक्रमण के समय साम्यवादियों की क्या तैयारियां थीं ? यह बात दूसरी रही कि देश कुछ सावधान था, देश की जनता सावधान थी । इस लिए साम्यवादी अपने स्वप्नों को साकार नहीं कर पाए, लेकिन श्वेतपत्र में जिस एक सर्कुलर की चर्चा की गई है, उस में कहा गया कि अक्तूबर, 1962 में जो गलती हम से हुई, उस को हम अब नहीं दोहरायेंगे । जिन देशद्रोही साम्यवादियों का यह इतिहास रहा है, सरकार कब तक उन को क्षमा करना चाहती है ?

मैं श्री नन्दा से यह बात भी स्पष्ट पूछना चाहता हूं कि सरकार के पास जो तथ्य हैं, उन को वह दबा कर क्यों रखना चाहती है । आज सरकार बताए कि नागालैंड और बर्मा के द्वारा पीकिंग के साथ कम्युनिस्ट पार्टी की कम्यूनिकेशन लाइन थी या नहीं, वहां से कुछ हथियार आए या नहीं और आगे भी कुछ हथियार मंगाने की योजना थी या नहीं, जिस से देश में सशस्त्र विद्रोह होने वाला था । आखिर श्री नन्दा ये सब बातें देश को स्पष्ट भाषा में क्यों नहीं बताते ?

आज से दो साल पहले हांगकांग में हिन्दुस्तान की मुद्रा की जो कीमत थी, आज उस के ड्योढ़ा और दुगना होने के पीछे क्या रहस्य है, जब कि दुनिया में हिन्दुस्तान की करन्सी की कीमत सब जगह गिरी है ? पहले हांगकांग में हमारी करन्सी करीब तीन करोड़ के लगभग साल में खपती थी, लेकिन आज एक साल में ग्यारह, बारह करोड़ की करन्सी की मांग क्यों होने लगी है ? स्पष्ट बात यह है कि चीन हमारी करन्सी खरीद रहा है और अध्यक्ष महोदय, आप मुझ आज यह बात कहने की इजाजत दें कि हिन्दुस्तान में दो इस प्रकार के राजदूतावास हैं, जिन के द्वारा वह करोड़ों रुपया भारतवर्ष में कम्युनिस्टों के लिए आता है । क्या भारत सरकार के विजिलेंस डिपार्टमैंट, गुप्तचर विभाग, ने श्री नन्दा को इस प्रकार की जानकारी नहीं दी ? एम्बैसी के जिन बैग्ज को कोई नहीं खोल सकता, क्या इन राजदूतावासों के द्वारा उन यह रुपया आता रहा है ?

क्या गुप्तचर विभाग ने श्री नन्दा को यह जानकारी नहीं दी कि कलकत्ता के दक्षिणेश्वर मन्दिर में इस प्रकार का बैग हैंड ओवर करने का पता चला है ? क्यों इन तथ्यों को छिपा कर रखना चाहिए ? मेरी मांग है कि देश की सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए यह करोड़ों रुपया जिन राजदूतावासों के द्वारा चीन से आ रहा है—मैं स्पष्ट शब्दों में उन राजदूतावासों का नाम किसी कारण नहीं लेना चाहता हूं—उन दोनों देशों से भारत सरकार को राजनीतिक सम्बन्ध-विच्छेद कर लेना चाहिए ।

मैं ने संसद् के पिछले अधिवेशन में भी चाइना बैंक की चर्चा को उठाया था । अब फिर मैं कहना चाहता हूं कि चाइना बैंक के साढ़े सात करोड़ रुपये के इतिहास को, उस की पूरी रिपोर्ट को, सरकार प्रकाशित करे । श्री हीरेन मुकर्जी ने कहा है कि उस में सूरजमल नागरमल का एकाउंट पाया गया और दूसरों का एकाउंट पाया गया । मैं कहना चाहता हूं कि सूरजमल नागरमल ही नहीं, अगर प्रकाशवीर शास्त्री का भी एकाउंट चाइना बैंक में पाया गया और वह पैसा देशद्रोह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए लगाया गया, तो उस को वही सजा देनी चाहिए, जो बड़े से बड़े देश-द्रोही को मिलनी चाहिए, चाहे वह कोई भी क्यों न हो । वह कोई व्यापारी हो या कोई दूसरा क्यों न हो । लेकिन क्या आज श्री हीरेन मुकर्जी अधिकार-पूर्वक इस बात को भी कह सकेंगे कि चाइना बैंक के एकाउंट्स में श्री ज्योति बसु और

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

श्री डांगे का नाम नहीं पाया गया? मैं चाहता हूं कि सरकार उस रिपोर्ट को सामने लाए। वित्त मंत्री, श्री कृष्णमाचारी, अपनी जेब में उस को क्यों छिपाए बैठे हैं ? कब तक इस रिपोर्ट को दबाए रखेंगे ?

दूसरी सब से बड़ी बात मैं कांग्रेस सरकार को और विशेषकर गृह मंत्री नन्दा जी और प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को कहना चाहता हूं। अगर इस देश की स्वतंत्रता को बचाना है, पौने नौ सौ साल की लम्बी जद्दोजहद के बाद जो देश आजाद हो पाया है, उसको बचाना है जिस स्वराज्य भवन की भित्ति में, मूल में न जाने कितने अनगिनत बलिदान लगे हैं अगर उस स्वतंत्रता की रक्षा करनी है तो आज केवल कम्युनिस्ट पार्टी पर ही प्रतिबन्ध नहीं लगाना होगा बल्कि आपको अपने घर में भी झांक कर देखना होगा कि कम्युनिस्ट कहीं उधर भी तो नहीं है ? कम्युनिस्ट इधर ही नहीं बैठे हुए हैं आपके घर में भी बैठे हुए हैं। आपको अपनी गिरहबां में मुंह डाल कर देखना चाहिए।

अपने वक्तव्य को समाप्ति की ओर ले जाते हुए जहां मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां भारतवर्ष में इस प्रकार की राष्ट्रीय सुरक्षा को संकट में डालने वाली कम्युनिस्ट पार्टी जैसी पार्टी को देश में काम करने का कोई अवसर नहीं मिलना चाहिये, इसकी गतिविधियों पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए वहां एक बात मैं श्री हीरेन मुखर्जी को भी कहना चाहता हूं। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा है कि जो हमारे सिद्धान्त है, ये ऐसे ही जीवित रहेंगे, इसी तरह से विकसित होते रहेंगे जैसे कि सूर्य का उदय होता है। उनसे मुझे यह कहना है कि वर्तमान सरकार जो सामने की बैंचों पर बैठी हुई है उसकी दुर्बलता से हो सकता है कि अराष्ट्रीय काम करने वाले देश के अन्दर जीवित रहें लेकिन अब देश की जनता जाग कर खड़ी हो गई है और कम्युनिस्ट पार्टी जैसी पार्टी को वह देश की सुरक्षा को संकट में डालने का अवसर नहीं दे सकती है। मैं कहना चाहता हूं कि कान खोल कर आप सुन लें कि भारतवर्ष में कम्युनिस्ट पार्टी की सी राष्ट्रीय सुरक्षा को संकट में डालने वाली पार्टी का भविष्य सूर्योदय की तरह नहीं है, कम्युनिस्ट पार्टी का भविष्य अस्त होने वाले सूर्य की तरह से है (इंटरप्शंज)। भारतीय जनता कम्युनिस्ट पार्टी को उसी तरह से समाप्त कर चैन लेगी जिस तरह से सूर्य अस्त होने पर आराम के क्षण आते हैं (इंटरप्शंज)।

Shrimati Renu Chakravartty: Was he not opposing the arrest of Shri Golwalkar of the RSS under the D.I.R.?

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : शोर मचा कर जिस तरह का दूषित वातावरण कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य यहां बनाना चाहते हैं, इस तरह का वातावरण सफल नहीं हो सकेगा। इस पार्टी को उसी तरह से देश से समाप्त कर दिया जाएगा जैसे जीवन का अन्त होता है, सूर्योदय की तरह यह पार्टी राजनीतिक आकाश में अब नहीं रहेगी।

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, नन्दा जी ने हमारे सामने यह किताब रखी है जोकि 45 सफे की है। पहाड़ खोद कर नन्दा जी ने उस में से क्या निकाला है ? एक चूहा निकाला है और वह भी मरा हुआ। मुझे हैरत होती है कि जिस सरकार के रहते हुए चीन के बारे में गलत नीतियां चलीं और दो ढाई साल पहले सारे भारतवर्ष को अपमानित होना पड़ा आज वही सरकार एक दूसरे दल के बारे में यह आरोप लगा रही है कि वह चीन के साथ मिला हुआ है और उनकी गतिविधियां देश-हित विरोधी हैं। मैं नन्दा जी से जानना चाहता हूं कि जिस दल के वह नेता है और मंत्री हैं और जिस दल के हाथ में मुल्क की बागडोर पिछले 17–18 साल से चली आ रही है,

उस दल की चीन सम्बन्धी नीति क्या रही है? श्रीमती रेणु चक्रवर्ती और गोपालन के हाथ में कम से कम देश की बागडोर नहीं थी। अगर कोई इस देश में मुल्जिम है तो हमारे सामने जो बैठे हुए हैं गृह मंत्री जी वह मुल्जिम हैं।

1950 या 1951 में जब तिब्बत की आजादी का हनन हुआ तो नन्दा जी उस वक्त बम्बई में मंत्री थे। अपने मंत्रीपद से वह हटे नहीं और जवाहरलाल नेहरू जी की हकूमत में मंत्री बनने के लिए दिल्ली आए। उसके बाद 1954 में कांग्रेस की सरकार ने पंचशील की संधि उसी चीन के साथ की जिस ने तिब्बत की आजादी का हनन करके भारत की उत्तरी सीमा पर संकट पैदा कर दिया था। क्या नन्दा जी ने उस वक्त इस नीति की आलोचना करते हुए इस्तीफा दिया था या वह अपने पद पर चिपक कर बैठे रहे?

उसी तरह से 1954 में जब यह पंचशील की संधि हुई और उसके ऊपर जो स्याही थी वह सूखने भी न पाई थी कि चीन के द्वारा लद्दाख में आक्रमण का सिलसिला शुरू हुआ, उस वक्त नन्दा जी और उनके दल ने और उनकी सरकार ने आक्रमण के इस तथ्य को इस सभा से छिपाये रखा। उस वक्त भी नन्दा जी ने इस बात को ले कर इस्तीफा नहीं दिया।

उसके बाद भी चीन ने आक्रमण किया। इस हमले को उन्होंने कभी कबूल नहीं किया और संयुक्त राष्ट्र संघ के सामने बरसों तक भारत के प्रतिनिधि यही कहा करते थे कि यह तो एक सीमा का झगड़ा है, सीमाई विवाद है। उसके बाद भी अगस्त, 1962 में इन लोगों ने घोषणा की थी कि भारत की भूमि पर से जब तक चीन नहीं हटता, उसके साथ कोई वार्तालाप या समझौता हम नहीं करेंगे। लेकिन अक्तूबर 1962 में जब रणभूमि पर हमारी हार हो गई, उसके बाद हमारी सरकार अपने वादे को भूल कर कोलम्बो प्रस्ताव लेकर समझौते के रास्ते पर चली।

मैं जानना चाहता हूं कि चीन को ले कर कांग्रेस सरकार की और कांग्रेस पार्टी की जो नीति है उस नीति में और वामपंथी कम्युनिस्टों की नीति में क्या फर्क है। वे भी राजनीतिक समझौता चाहते हैं और भूमि का सौदा करने के लिए शायद तैयार है और नन्दा जी और उनकी हकूमत भी चीन के साथ राजनीतिक समझौता चाहती है और अपनी भूमि का सौदा करने के लिए तैयार हैं।

चीन का जहां तक ताल्लक है कांग्रेस सरकार की नीति, नन्दा जी की नीति और वामपंथियों की नीति में कोई अन्तर नहीं है। आज वामपंथी कम्युनिस्टों के बारे में जो आरोप लगाये जाते हैं, उनका समावेश इस किताब में किया गया है। क्या इस में हमें मिला है? 45 सफे में कहीं दो पैरे ऐसे हैं जिन में वामपंथियों की कार्रवाइयों का जिक्र है। 43 सफे पर जो 26वां परिच्छेद है उस में 1948 और 1950 में जो उन्होंने काम किया था उसका जिक्र है। 49 सफे पर एक परिच्छेद 28 नम्बर का है। उस में उनके वर्तमान कार्यों के बारे में कुछ जिक्र है। यह कहा गया है कि वामपंथी कम्युनिस्ट नेता डलहौजी गये, मनाली गये, कुल्लू गये। कौन कहां जाता है या नहीं जाता है, इसकी एक लिस्ट दे कर आप इन आरोपों को साबित नहीं कर सकते हैं क्योंकि हो सकता है कि कुछ लोग बम्बई में जाते हों और अपनी भाग्य रेखा पंडितों और ज्योतिषियों को दिखा कर उन से पूछते हों कि क्या मैं प्रधान मंत्री बन सकता हूं। कोई कहां जाता है इससे कोई चीज साबित नहीं होती है। पूरी किताब में कम्युनिस्टों की कार्रवाइयों के बारे में एक जुमला तक नहीं है। दो वाक्य मैं पाता हूं। एक उनका कार्यक्रम है कि किसानों, मजदूरों, खेतिहर मजदूरों, औद्योगिक मजदूरों को संगठित करके एक जन आन्दोलन छेड़ा जाए। इस सदन में विरोधी दल के जो अधिकतर सदस्य

[श्री मधु लिमये]

हैं उन में से एक एक सदस्य इस काम को करता है और मैं भी करता हूं। अभिमान के साथ यह काम करना मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूं।

वामपंथी कम्युनिस्टों के साथ मेरा मतभेद है। अगर इन में से कोई ऐसे हैं जोकि पेकिंग की ओर देखते हैं तो उनके साथ लड़ने के लिये मैं तैयार हूं और अपने दोस्तों से कहूंगा कि पेकिंग की ओर देख कर या मास्को की ओर देख कर या वाशिंगटन की ओर देख कर या लंदन की ओर देख कर हिन्दुस्तान की तरक्की नहीं हो सकती है। हमको अभिमुख होना है भारत के जो गरीब लोग हैं उनकी तरफ, मजदूर और किसान जनता की तरफ, मध्यम श्रेणी की जनता की तरफ और उसकी ओर अभिमुख हो कर और उनको संगठित करके ही हमारे देश में समाजवाद स्थापित हो सकता है।

जहां मैं यह कहता हूं वहां साथ साथ सरकार का इस वक्त जो काम है उसकी भी कटु आलोचना करता हूं। संकटकालीन स्थिति की सरकार ने घोषणा की है। संविधान में लिखा हुआ है कि अगर युद्ध का खतरा हो, अगर कोई हमला होता है, फौजी चढ़ाई होती है या आन्तरिक विद्रोह की परिस्थिति है तो संकटकालीन कानून जारी किया जा सकता है। आज न जंग चल रही है, न फौजी लड़ाई हो रही है, न कोई हमारे देश में हिंसात्मक क्रान्ति होने जा रही है। फिर मैं जानना चाहता हूं कि संकटकालीन स्थिति को बनाये रखते हुए और भारत सुरक्षा कानून को बनाये रख कर हजारों लोगों की जो स्वतंत्रता छीन ली गई है, उनके बारे में नन्दा जी क्या करना चाहते हैं। एक ही चीज वह करना चाहते हैं। वह जानते हैं कि जनता में असन्तोष है और जनता को अगर मौका दिया जाएगा तो उनकी सरकार एक दिन के अन्दर खत्म हो सकती है जैसे केरल में हो चुका है। नन्दा जी ने कहा कि लोगों को वोट देने का जो अधिकार दिया हुआ है, उसको नहीं रोक सकते थे, लोगों को इलेक्शन में खड़े होने से नहीं रोक सकते, कानन इसकी इजाजत नहीं देता है, तब मैं कहूंगा कि नजरबन्द कम्युनिस्टों को अगर आप रिहा नहीं करना चाहते हैं तो जो विधान सभा के सदस्य हैं उनको आप वोट देने की इजाजत दीजिये। जेल से नहीं छोड़ना चाहते तो न छोड़िये। अभी केरल में विरोधी दलों की हकूमत बन सकती है। जहां तक मेरे दल का सम्बन्ध है कल मेरे दल ने प्रस्ताव किया है कि जो सब से बड़ा केरल में दल है उसको राज्यपाल को न्यौता देना चाहिये कि सरकार बनाने के लिए और उस सरकार को बहुमत दिलाने के लिये ठोस और निश्चित कार्यक्रम के आधार पर हम सहयोग देने को तैयार हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि वामपंथी कम्युनिस्टों को गिरफ्तार करके और नजरबन्द रखकर नन्दाजी राष्ट्रपति की गैर-जिम्मेदार और अप्रजातांत्रिक हकूमत को केरल में बनाये रखना चाहते हैं। केरल की जनता ने कांग्रेस को तो उखाड़ कर फेंक दिया है लेकिन राष्ट्रपति की हकमत की आड़ में छिप कर केरल की जनता पर वह अपनी नीतियां ठोंस देना चाहते हैं जिन्हें की केरल की जनता ने अस्वीकार कर दिया है। तो हमारे सामने सवाल यह है कि संकटकालीन स्थिति की घोषणा अब खत्म करनी चाहिए। अगर संकटकालीन स्थिति खत्म होती है, तो भारत रक्षा कानून की वे धाराएं जिनके अन्तर्गत इन को गिरफ्तार किया गया है समाप्त हो जाएंगी। सर्वोच्च न्यायालय का फैसला है कि इन धाराओं का संविधान के अन्दर जो बुनियादि अधिकार है उनके साथ टकराव है और ये धाराएं तभी खत्म हो जाएंगी जब संकटकालीन स्थिति खत्म हो जाएगी।

अध्यक्ष महोदय, आज देश-हित के नाम पर ऐसे कानूनों, संविधान की ऐसी धाराओं का इस्तैमाल किया जा रहा है जिनका

इस्तेमाल केवल जंग, या फौजी चढ़ाई या हिंसात्मक विद्रोह का जब खतरा रहता है उसी समय किया जाना चाहिए । सरकार ने जो यह 45 सफों की किताब निकाली है इसको मैं गृह-मंत्रालय की बुद्धिहीनता का प्रतीक मानता हूं । अगर आप इसको ले कर अदालत में जाएंगे तो अदालत में यह किताब टिक नहीं सकेगी, इसको कोई सबूत नहीं कह सकता । अगर कम्युनिस्ट आन्दोलन में मतभेद हैं और उनके बारे में किताब लिखनी थी तो किताब लिखी जा सकती थी । लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी का जो वाम पन्थ है यां दक्षिण पन्थ है उनके विचार क्या हैं, उनकी विचार प्रणाली क्या है, उसके बारे में चर्चा करना इस किताब का, इस पुस्तिका का, उद्देश्य नहीं हो सकता था । इसमें लिखा है "राष्ट्र विरोधी कार्यवाई" "राष्ट्र विरोधी काम" । हो सकता है कि हमारे देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो समझते हैं कि प्रजातन्त्र खराब चीज है और जनाधिपत्य की जगह एकाधिपत्य आना चाहिए । क्या ऐसे लोगों को आप जेल में बन्द करेंगे ? जब तक वे इस सरकार को हिंसात्मक तरीके से उखाड़ कर फैंकने का काम नहीं करते, तब तक ऐसे लोगों को भी अपनी राय रखने का अधिकार है । इसलिए मैं एक जोरदार ढंग से आपकी मारफत सरकार से निवेदन करूंगा कि सरकार यह जो अपने हाथ में अधिकारों को केन्द्रित करने की नीति को चला रही है, उस नीति को वह छोड़ दे । इन कम्युनिस्ट नजरबन्दों के खिलाफ अदालतों के सामने मुकदमे चलाए । लेकिन अगर वह यह भी करने के लिए तैयार नहीं है तो जैसे उनको वोट देने का अधिकार दे दिया, उसी तरीके से ये जो 29 कम्युनिस्ट नजरबन्द केरल की जेलों में बन्द हैं, इन को विधान सभा में समय समय पर वोट देने के लिए भी कोई सुविधा दें । अगर यह हो जायेगा तो मैं समझता हूं कि देश में प्रजातन्त्र पनप सकता है ।

अन्त में मैं एक ही बात और कहूंगा । मुझे बड़ा दुख होता है जब विरोधी दलों में से ही एक तबका इस तरह की मांग करता है कि फलां फलां दल के ऊपर पाबन्दी लगाओ । मुझे इस मांग से बड़ा सदमा होता है । दक्षिण-पन्थी कम्युनिस्टों ने हाल ही में अपनी कांग्रेस में मांग की थी कि राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ पर पाबन्दी लगायी जाय, और अब हमारे जन संघ के मित्र कहेंगे कि वामपन्थी कम्युनिस्टों पर या दक्षिणपन्थ कम्यनिस्टों के ऊपर पाबन्दी लगायी जाए । तो इससे न तो जनसंघ सत्ता में आएगा और न दक्षिण-पन्थी कम्युनिस्ट सत्ता में आवेंगे, यह जो नन्दा जी की जनता-विरोधी हुकूमत है वह वैसे ही कायम रहेगी । इसलिए मैं अपने मित्रों से भी अनुरोध करूंगा कि नागरिक स्वतन्त्रता के सिद्धान्त की बुनियाद पकड़ो, सिद्धान्त की जड़ में जाओ और किसी दूसरे दल को खत्म करने के लिए कांग्रेस सरकार के साथ सहयोग करने का और जनता की पीठ में छुरी भोंक देने का पाप न करो ।

Mr. Speaker: Shri Venkatasubbaiah.

An hon. Member: Sir, how long are we going to sit?

Mr. Speaker: How long will the hon. Minister take?

The Minister of Home Affairs (Shri Nanda): 45 minutes—I have to answer all the points that have been raised.

Shri Hari Vishnu Kamath: Let us sit up to 7·30.

Shri P. K. Deo: Let us continue this tomorrow.

Mr. Speaker: That is not possible. I will call the hon. Minister at 6·15. We can sit up to 7·00.

Shri P. Venkatasubbaiah (Adoni): Mr. Speaker, Sir, I have been listening very attentively to the eloquent speech of Shri Mukerjee waxing eloquence over the misdeeds of this Government. My charge against this Gov-

[Shri P. Kenkatasubbaiah]

ernment is that it has been very late in arresting the Left Communists who are proving to be a danger to the security and sovereignty of this country. The other day when the question of installing a statue of Shri Subhas Chandra Bose was raised in this House. Shri Mukerjee worked himself up and chastised the Government for not installing his statue to perpetuate his name. Public memories are proverbially very short. But I would like to remind my hon. Communist friend that when Netaji was waging a war against British imperialism he was dubbed by the Communists as an agent of Tojo of Japan. Then, conveniently they changed their tactics and their plans also. Parliamentary democracy is only an expedient, not a matter of principle, for them.

If they believe in parliamentary democracy then I would straightaway ask my Communist friends one question. We in this country have adopted a Constitution which gives us the freedom of speech and expression, no matter to what community, caste or political party we belong to. The only condition is that the freedom of speech should not be misused for subversive and anti-national activities that will bring danger to this country.

Public memories are very short. Which of the national leaders the Communists have not criticised and dubbed as the agents of British imperialism. The father of the nation also did not escape their criticism. So, also Pandit Jawaharlal Nehru and Subhas Chandra Bose. People of hallowed memory and respect, people who were held in high esteem by the people of this country, people who were in the forefront of our freedom struggle, these were the people who were characterised by the Communists as agents of British imperialism. I know many instances where our Communist friends have acted during the Quit India Movement as paid agents of the British Government. At that time they were responsible for putting into jail and torturing many Congressmen who have sacrificed their very lives for the sake of the freedom of this country.

I was also very much amused to hear Professor Mukerjee speaking about the Kerala elections. I would like to ask of him only one question. Were the Kerala elections fought on this issue? What was the election manifesto of the Left Communists in the Kerala elections? Did they ask for a verdict or referendum of the Kerala people on the detention of these people by the Government? No, not at all. They have played on the innocence of the local people, as they have done earlier in Andhra and other places. Here I will narrate one instance. During 1952 general elections our Communist friends went about Andhra promising the voters five acres of land and one cow if they were returned to power. They always play on the innocence of the people to catch their votes. In Kerala also the same thing has happened. They have exploited the innocence of the people in the matter of food scarcity and they were able to secure some seats.

They say that they have got the majority of seats in Kerala elections. At the same time, they contradict or refute the right or claim of the Congress Party to rule the country because, according to the Communists, the Congress has got only a minority of votes. So, I would ask of them: how are you entitled to rule Kerala when you have got only a minority of votes? So, you have no right to speak on behalf of Kerala and your statement is incorrect.

Coming to the statement that has been laid on the Table of the House by Shri Nanda, I will quote only a few instances. A meeting was held in Tenali where they displayed the portrait of Mao Tse-tung, who is the aggressor, who has committed aggression on our country, who wants to put

this country under his heels, if he can. The portrait of such a person was displayed in Tenali. So, these people are masquerading themselves as patriots and they are really traitors. They have no faith in democracy.

At no time, even at the time of aggression, has the Communist Party made any statement about its line of action. It did not even say whether the Chinese have committed aggression or not. The Communist Party was unequivocal and it was very halting in coming forward and saying that the Chinese have committed aggression. Even today I was amazed to hear my hon. friend, Shri S. M. Banerjee, say that it is not an invasion but only aggression. I do not know the difference between aggression and invasion. They are accusing us as having some fellow-travellers in our midst. I do not know to which category Shri S. M. Banerjee belongs.

Shri S. M. Banerjee: I am a democrat.

An hon. Member: What is democracy?

Shri S. M. Banerjee: Don't teach me that. I am not going to learn patriotism from you.

Shri P. Venkatasubbaiah: I would like to ask of Shri Mukerjee one question. What led him to differ from the Left Communists? What was the difference of opinion? Was the difference of opinion this that China had not committed aggression? What led you to this difference of opinion because of which the party split into two parts? I may or may not agree but their own fellowmen, their own comrades, have denounced Dange saying that he has written a letter some 20 or 30 years back that he would act as an agent of the British. Without going into the merits of the case I will say that even the best people of their party have disbelieved Shri Dange. I would like to know if my statement is correct. I am afraid, Shri Hiren Mukerjee also holds the same view.

This is the history, this is the activity of the Communist Party in our country. Their flirtation with the Muslim League, of the communists with the communalists . . .

Shri Indrajit Gupta: What has that to do with the Muslim League?

Shri P. Venkatasubbaiah: . . . clearly shows the combination of Peking and Pindi. The inspiration comes from there. The flirtation between Peking and Pindi is very well reflected in the Kerala elections, in their flirtation with the Muslim League which is a rank communalist body. I will only plead that we must be very careful so far as these friends are concerned. Their history sheet is bad. Their activities are suspicious. They never claim this country as their motherland. They have got extra-territorial loyalties. Their inspiration is from somewhere. So, beware of these friends. I will only request the Home Minister to be more emphatic and bold enough to see that they are put in their proper place. As Shri Prakash Vir Shastri has very rightly pointed out, people are aware of these people's activities. I know, except some bungling or some debacle in Kerala or other places, nowhere, in no part of this country they are going to tolerate this party which has got a very suspicious history behind it and which has been trounced by the electorate. The electorate has given time and again its clear verdict against the anti-national activities of this party and I request Shri Nanda to deal very firmly so far as these Communist friends are concerned.

Shri N. C. Chatterjee (Burdwan): Mr. Speaker, Sir, I beg of this House to approach the problem in all seriousness, without passion and prejudice. To us India is first; India's security, India's independence—that is our primary concern. We will strike down anybody mercilessly if he goes against India's integrity or India's territorial sovereignty. We will not tolerate it. But I had the privilege to work with

[Shri N. C. Chatterjee]

Shri Gopalan in this House for many years and it is difficult for me to believe that Shri Gopalan is guilty of any treasonable or any traitorous activity. I do not believe it.

I looked for any real evidence to connect him with treachery or with treason. I have read this document with due care, but I find that it falls short of requisite proof. My first charge is that Shri Nanda has said in this document, on the first page, that on December 30, 1964 about 900 active members of the Communist Party of India had been detained in different cities under Rule 30 of the Defence of India Rules. This Parliament was sitting day after day up to the 24th December. Shri A. K. Gopalan was functioning in this Parliament. Why was this Parliament treated with scant courtesy? Why did the Home Minister not confront Shri Gopalan and take this Parliament into confidence and tell us what treasonable or anti-Indian or anti-national activities these Communists and these Members of Parliament were indulging in? Surely, it is only fair to them, fair to the Parliament that they should have been told. We should have been taken into confidence. This is a wonderful display of ministerial responsibility. Shri Nanda says that on the 1st January, 1965 he made a broadcast over the All India Radio announcing the aggression on the freedom and on the cherished human rights of 1,000 citizens. This is a serious matter and I honestly feel that they have not done their duty. Out of these 45 pages, if you scan them, you will find 32 pages which are devoted to quotations from all the ideological speeches and all sorts of thesis pointing out the split between the Right and the Left. We are not concerned with the split between the Right and the Left. We have nothing to do with that. We wanted facts. This was merely the Home Minister's political judgment which he pronounced on his political rivals and he threw it over to the electorate in Kerala asking them to accept it or reject it. They have rejected it. It is quite clear that the intelligent and educated electorate of Kerala has not accepted this fere *ipse dixit* of the Home Minister: Why? It is because you did not give facts. They wanted facts; they wanted concrete data; they wanted legal evidence. You have not given them.

Here are quotations spread over the period of 10 to 12 years. No new facts have been given. If you look at the last chapter—that chapter is the most serious chapter and I expected to get something there—that chapter is headed as "Preparations for subversion and violence". It starts on p. 32. You look at p. 32 and you will find that they have given quotations from a speech by a Bengal Member Mr. Jyoti Basu. What did Mr. Jyoti Basu say? Please remember that upto chapter IV, there is no real evidence of any subversive activity. Preparation for subversion and violence are given in chapter V. What is the first charge? What is the tangible evidence the Home Minister propounds? He has pointed out that Mr. Jyoti Basu had made a speech in Calcutta or somewhere else in Bengal. What is the speech? It is:

> "When a huge wave of anti-imperialist mass struggle swept through the land at the end of the Second World War, the big bourgeoisie leadership of the India National Congress betrayed the struggle instead of leading it, and assumed power through compromise with British imperialism . . . Bengal was partitioned. The land overflowed with blood, the dark blood of fratricidal strife, not the sacred blood that is shed in a liberation war".

What is wrong there? If Mr. Jyoti Basu said this that we have to pay the price of partition . . . .

An hon. Member: Is that all?

Shri N. C. Chatterjee: That is what is quoted here. If Netaji Subhash Chandra Bose had been here, if Dr. Shyama Prasad Mukerjee had been here, they would have talked in the same strain and possibly in a more severe language. Is there any justification for saying that there have been acts of subversion and violence?

Sir, you know, the Supreme Court of India has declared categorically, in the judgment of the Chief Justice of India, that this Defence of India Rule 30 is unconstitutional and illegal. You remember that I read out in this House that portion of the judgment where the Attorney General of India appearing for the Government of India clearly admitted that this is unconstitutional and that this is repugnant to articles 14, 21 and 22 of the Constitution. The Chief Justice pointed out that the Government should beware that they are guilty of unlawful and illegal confinement of citizens and that they will have to pay the penalty after the Emergency is over. In order to put it right, they sought to bring forward the Eighteenth Constitution Amendment Bill. We protested against that. Shri Jawaharlal Nehru was then the Prime Minister and he in his wisdom withdrew the Bill. That was the greatest tribute that could be paid to democracy and parliamentary form of Government. They withdrew it. Now, the situation is that here is the unconstituional law. Why have you resorted to that? Even when London was being bombed everyday, even when the Midlands were subjected to destruction, even when the whole British Empire was crumbling to pieces, the British Government did not take such power. Even then, the Home Minister, under the Defence of the Realm Act . . .

Shri C. K. Bhattacharyya (Raiganj): That is not correct. I would request my hon. friend to read the book "Lawless Laws" published by Late Shri Hem Chandra Nag, Editor of the Hindustan Standard.

Shri N. C. Chatterjee: I have read many books, and I have argued many cases including this particular case before the Supreme Court, and I ought to tell my hon. friend that there, even in the worst stage of the crisis facing the British Empire, they had an advisory board consisting of judges and jurists to whom the case of every detenu was sent.

Shri C. K. Bhattacharyya: They had Regulation III of 1818.

Shri N. C. Chatterjee: All that I am pointing out is this. Immediately this critical situation came, I wrote to the Home Minister Shri Nanda and I requested him "Will you at least consider the advisability of having a board of advisers, consisting of the Chief Justice of India, Mr. Justice Gajendragadkar, Mr. S. R. Das, the former Chief Justice of India who presided over the Commission of Inquiry on the late Sardar Pratap Singh Kairon, and also Mr. Mehr Chand Mahajan, another Chief Justice of India who has retired. He wrote to me that he would consider all that.

If you are satisfied that Shri A. K. Gopalan and these people are guilty of treason or guilty of violence or guilty of acts which are nothing short of treason, why do you not put them before a court of law and have them punished? We do not want that the taxpayers' money should be utilised for the purpose of keeping them behind the prison bars and they should enjoy the benefit of being State guests in this way. They should be subjected to condign punishment Why do you not do it? Why do you deprive them of the opportunity of defending themselves? Even for the Preventive Detention Act arrests, we have provided in article 22 of the Constitution that there must be a charge-sheet given within five days; otherwise, the detention becomes illegal. Why do you not give them a charge-sheet and give them a chance of defending themselves? Even a murderer is given that opportunity. What crime have these people committed? I think the Government are exaggerating the importance of some

[Shri N. C. Chatterjee]

statements made by men like Mr. Hare Krishna Konar or Shri Promode Das Gupta or by Mr. Ramamurti. We in India are pledged to non-violence. This Government should not be so feeble, and our people should not be so chicken-hearted as to think that just because some Member somewhere has spoken about violence, therefore, the country is going to pieces. The country will go to pieces not because of such statements but because of poverty and mass hunger which this Government is tolerating and is conniving at. That is the real problem. I would beg of the Home Minister to consider even now that the judicial process should be allowed to operate. Otherwise, these people should not be kept behind the prison-bars without trial, without an opportunity for defence, and without the formulation of any kind of charge-sheet against them.

Shri Kappen (Muvattupuzha): I was surprised and taken aback . . .

Shri S. M. Banerjee: At the Kerala election results.

Shri Kappen: . . . . at hearing Shri H. N. Mukerjee waxing eloquent on the injustice of arresting and keeping in prison the Left Communists. He was saying that the Home Minister had arrested them on the ground that they were pro-Peking. May I kindly ask one question of Shri H. N. Mukerjee? Was it the Home Minister who said first that they were pro-Peking? Was it we who said on this side first that the Left Communists were pro-Peking? Will my hon. friend kindly search his heart and see whether it was not he himself and his leader Shri S. A. Dange who had said that the Left-Communists were pro-Peking? Now, my hon. friend comes forward and says that the Home Minister has arrested them on the ground that they were pro-Peking. When my hon. friend said this, was he honest in his heart or was he lying in his throat when he said that they were pro-Peking? It is really surprising that people should change their attitudes and come and argue and wax eloquent on matters like that.

Much has been said about the Kerala election. My hon. friend Shri H. N. Mukerjee said that there was the verdict of the people. May I ask my hon. friend whether he is prepared to abide by the verdict of the people with regard to his party and liquidate it?

An hon. Member: Why not?

Shri Kappen: His party has secured only three seats in the legislature. Probably, after the Kerala election results, my hon. friend is trying to hug the legs of Shri A. K. Gopalan. Probably you want to join the Left communists now because you have found that you have place in the country. I cannot understand your argument except in this light.

Shri Indrajit Gupta: What a wonderful logic!

Shri Kappen: This is really wonderful.

Coming to the question of their arrest and detention, I have only one question to ask Government. Why is it that EMS Namboodiripad is allowed to roam about freely? Why not put him in prison at the earliest opportunity? Do not allow him to roam about. That is what I would advise Government to do.

Now there is no party in Kerala except probably the Left Communist who want the Left Communists to be released. What happened in Kerala in the elections? I would ask this of Shri Hiren Mukerjee. His party tried to form a united front with the Left communists, but were unable to do it. Why? They said because the Left Communists had joined with the Muslim League in an alliance, an alliance with a communal party. The Right

communists were not prepared to join them on that ground.

Shrimati Renu Chakravartty: Is that a charge to put them into jail?

Shri Kappen: I am speaking about the Kerala elections and its results. What are we to read from this? Mr. Mukerjee's Rightist party refused to join the united front because the Leftists had gone and joined a communal party. I would tell Shri Mukerjee that had it not been for this alliance they would not have got even one seat in Malabar. It is simply because of the communal alliance of the Left communists that they got what they got.

Shri Indrajit Gupta: You did the same thing before.

Shri Kappen: Let us analyse things as they are, seat by seat. Take, for example, Poonjar. Take my own constituency, Palai. Was there not an understanding between the Right and Left communists in the election? Why did you withdraw your Right communist candidate from Poonjar in favour of the Left communist candidate?

Shrimati Renu Chakravartty: Is this an argument to be used in this discussion?

Shri Indrajit Gupta: What is it that we are discussing?

Shri Kappen: I do not know what noise they are making.

Mr. Speaker: He will please address the Chair.

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास): सच्चे बात सबको कड़वी लगती है।

Shri Kappen: I know truth is not palatable to many people. I am really sorry I have to say unpalatable things.

Mr. Speaker: He might say all that to me.

Shri Kappen: I was speaking about the Kerala elections. If I remember aright, Shri M. N. Govindan Nair, leader of the Right communist party said that the election manifesto prepared by them when they were together contained a clause to the effect that the integrity of the frontier will be maintained. Shri Nair said that when the Left communists alone wrote their mainfesto, they omitted that portion. What does it show? I shall quote not from the Home Minister's statement but from what Shri Hiren Mukerjee and Shri M. N. Govindan Nair and all their leaders said about what these Left communists are. If they are pro-Peking, if they are Chinese agents, should they be allowed to roam about freely and do harm to the country?

श्री मधु लिमये: सब से बड़े एजेन्ट तो आप हैं।

Shri Kappen: Therefore, I feel the Government are perfectly justified in the action they have taken. I would urge them to take stronger action, if necessary keep them in prison all the time they are found to be treasonable. No country will allow any other action. Is there any country which can be pointed out where it has allowed traitors to roam about freely in that country?

I am really happy about Shri N. C. Chatterjee's speech, because gratitude is a quality which man must have. He has been returned to this Parliament because of the help rendered by the Communists.

18 hrs.

Shri N. C. Chatterjee: No, Sir. Also PSP and also other opposition parties.

Shri Kappen: Therefore, I congratulate him for his splendid speech, because he is a grateful man. I must congratulate him for that.

I strongly maintain, and I would challenge Shri H. N. Mukerjee or

[Shri Kappen]

anybody to again fight the elections in Kerala on the question whether the Left Communists are to be freed from prison, and I can assure them that if that issue is placed before the electorate and the election is contested, not one seat will be given to the Left Communists. If the Left Communists have gained certain seats in Kerala, it is simply because democratic votes have been split, because of the Kerala Congress which has been formed. Therefore, I can say that the Left Communists have got 20 or 25 seats merely because democratic votes have been split. My submission is that the Kerala election is no index for deciding whether the Left Communists ought to be kept in prison or released. On the other hand, I maintain that the Kerala election definitely shows that these people, traitors, have to be kept in prison, as long as they continue to be traitors.

Shri Indrajit Gupta: What about the Palai Central Bank (*Interruptions*).

Mr. Speaker: Shall we have a debate or fight here? When he is making a speech, he should be allowed to have his say. We are having a debate in Parliament.

श्री हुकम चन्द कछवाय : जिसको नीति झगड़ा करने का हो तो क्या करें।

Shri Hari Vishnu Kamath: My hon. friend Shri Nanda, the Minister for Home Affairs, a former Prime Minister, a former Minister of Planning and Labour, the President of the Bharat Sevak Samaj, the President of the Bharat Sadhu Samaj, the *sadguru* of *Anugata Andolan* and *Sadachar Samiti*, the gallant Knight Errant who has vowed to exterminate corruption from the country by the end of this year, a Minister so conscientious and honourable that he righteously shrinks for commiting the ocular sin of looking at a secret document laid on the Table by a private Member with the permission of the Speaker, has given us this White, but not a bright, Paper, this little, incomplete brochure.

What does this brochure, this so-called White Paper, contain? What is the charge sheet, what is the indictment of the Left or pro-Peking Communists as they are called? I have not much time to read *in extenso* from the document, but on page 2 we have got a reference to the Left Communists. I wonder if in 1959 there were any Left Communists. There was one Communist Party, neither right nor left, but one upright or downright or whatever it was, Communist Party at that time. But one charge is that Communists of those days, 1959, Left Communists as Shri Nanda says, did not agree with the rest of the nation as regards the charges against China with regard to the "liberation" of Tibet. Is the ruling party, the Government, itself free from blame in this matter? I remember that day when the Prime Minister, Shri Jawaharlal Nehru, in 1950, after having wondered what this "liberation" of Tibet was about, suddenly committed a *volte face*, and in the United Nations when El Salvador brought up a motion on Tibet, our representative Shri Gopalaswamy Ayyangar quietly backed out of the promise that had been given.

The Government of those days, so far as China was concerned a pusillanimous, invertebrate, myopic Government, a boneless wonder of a Government of those days, a Government which President Radhakrishnan himself rightly chastised as wilfully negligent and credulous, the Government of those days had enjoyed the blissful honeymoon with China which made them oblivious of realities. Those were the days when that lullaby, the opiate of *Hindi-Chini bhai bhai* reverberated from Shangai to Madurai. Those were the days when the Congress and the Communist

Party were supposed to be so friendly, regarded as so friendly in China itself that I heard from a very reliable source, a friend of mine who visited China, in those days the slogan raised in China was "Nehru ke baad Namboodiripad". Those were the days when the Government financed the India-China friendship society in India it was headed by an eminent Congressman, even after China had committed aggression in this country. How can this Government, with what face, indict the Left Communists when these Congress people themselves were toeing the same line as the Communist Party in those days? Here is an indictment of the communists. May I ask the Home Minister, why it is that up to this date, till now, why it is that they have kept the report on the accounts of the Bank of China a secret document, as secret as the CBI report? Is the obvious motive not to disclose the names of Congressmen? My hon. friend and colleague, Shri Dwivedy asked a pointed question on this matter in regard to their activities and the funds that the Communist Party got through the Bank of China and the other sources. My colleague Shri Dwivedy mentioned the name of a Member of the Cabinet. I shall quote from the proceedings of the Rajya Sabha, in the other place. The name of Mr. Biren Roy was mentioned. I shall quote from the records. The Finance Minister, Shri T. T. Krishnamachari refused to say anything in the matter and claimed secrecy for the document and then—what did he say?—he went on to say in his reply—it is rather amusing—"the House should trust the Government in these matters to take appropriate action". After their performance with regard to the Orissa affair, after the Orissa skeleton rattling so noisily in their cupboard, how can we trust this Government? They call the left communists as agents of China. Maybe, they are agents of China. But is it not the pot calling the kettle black? That is what they themselves were doing. They cannot hunt with the hounds and run with the hare. They were toeing more or less the same policy as the communists with regard to China, till August 1962 My party had the honour, had the privilege of drawing the attention of the Government, since 1954, or even earlier, against the menace that China was to this country, to the peace of Asia and to the peace of the world. My party was dubbed as war mongers even as late as August, 1962 in this House, when the then Defence Minister, after a brief interlude in London where he said that there was no danger from China—in October, it was before the invasion, when he was toasting Marshal Chen Yi in salubrious Switzerland mouthing *Hindi—Chini bhai bhai*, we here this House had to face this abuse and invective which came from the Treasury Benches, that we were war mongers. And these peace mongers! It is these peace mongers who brought war to our doors. That is the record of the Government. Now, we are asked to believe this document which has been circulated to Members. My hon. friend, Shri Mukerjee, has tried his very best to defend the left communists. But may I read from this document? I do not know whether it is correctly reported in this booklet or brochure. His own party leader, Shri Dange, according to this report, on page 31, referred to the left communists in a meeting in Bombay on 20th June 1964 that the left communists were Chinese agents. Shri Dange says that—I do not know whether he was correctly reported. (*An hon. Member*: Mr. Mukerjee accepts that) they were left communists in the sense that they subscribed to the Chinese views on the analysis of the Indian political situation and on the methods to be pursued in bringing about a political revolution.

Now, I charge the Government that it was their credulity and criminal negligence led to the debacle in NEFA and was national humiliation, and India's prestige in Asia had suffered, and that gave a flillip to the

[Shri Hari Vishnu Kamath]

pro-Chinese elements in our country. That is the charge against this Government, this pusillanimous and boneless wonder of a Government, which I condemn. (*Interruption*).

May I ask this Government why they did not answer the question of mine on the floor of this House as regards the money that passed from China to the leftist faction of the Communist party of India? They said that it could not be disclosed in the public interest: let alone discussion of the matter, it could not even be disclosed. My charge against the Government is that the plea of public interest—as you have rightly referred to it in another connection—is to my mind,—for this Government—a cloak or rather, may I say a quilt for this somnolent or at best a somnambulist Government, to hide, to cover a multitude of bungles and blunders which have brought the country to this pass, this national humiliation.

Mr. Speaker: The hon. Member's time is up.

Shri Hari Vishnu Kamath: I shall finish in a minute or two. Before I conclude, may I say that in this document which is placed before us by the Government, they have charged the left Communists with certain crimes, with certain preparations for violence and subversion. Now, the left Communists have a certain philosophy and they perhaps want to implement their philosophy. According to me, the only way to counter, to fight that philosophy is with a more potent philosophy, with a more potent ideology—political ideology or political philosophy—and with an active, firm, determined, socio—economic policy and programme. Let the Government come out with it.

Shri Indrajit Gupta: They cannot do that. They have not got the guts.

Shri Hari Vishnu Kamath: If that is not done, I am afraid the Government has no face, no clean face to show before the public. (*Interruptions*).

Mr. Speaker: Order, order. The hon. Member's time is up.

Shri Hari Vishnu Kamath: I shall finish now. I have learnt from authentic sources that the Government has in its possession sufficient material. It is also said in this brochure—there is an indication of it—that it is not complete, and that there is more material. I have learnt from reliable sources that the Government has in its possession sufficient material to bring these left Communists to trial. Let them bring them to trial: why hide these facts? They have done so before; let them bring them to trial, lest there should be disaster. (*Interruption*). If they do not bring these left Communists to trial, what will the judgment of the country be? I have learnt today, this morning, that the Home Ministry has supplied some Members of the Congress party with a brief, a note, containing more material than has been given to us.

Some hon. Members: No, no. (*Interruption*).

Shri Hari Vishnu Kamath: I have heard; I have seen it myself; I have seen the brief myself. (*Interruption*).

Mr. Speaker: Order, order. The hon. Member should conclude now.

Shri Hari Vishnu Kamath: I am finishing, Sir.

Shri Bhagwat Jha Azad (Bhagalpur): If my party briefs me, what is wrong? (*Interruption*).

Shri Hari Vishnu Kamath: Is it proper, Sir,—while Members of the House are not supplied that material in the national interest, perhaps, the Congress party has got it supplied by the Government, by the Home Minister, but which has been denied to us? I ask the Government to bring those left Communists to trial because

the Government have the requisite material with them. Otherwise, the Government will be dubbed as a pusillanimous Government, a boneless wonder of a Government.

Shrimati Renu Chakravartty: Reference was made to the document and to what Shri Dange has said. Shri Dange had given a statement to the National Council refuting this. It was stated in the newspapers that in a private meeting he had called them agents of China. This whole matter was discussed and it was clearly stated by Com. Dange that he had spoken only about ideological differences. Everybody knows that there are differences in the ideological field between China and Soviet Union and other communist countries of the world. This was what was said and that is the statement which he has made.

Shri Dinen Bhattacharya: Mr. Speaker Sir, at the very outset of the discussion of this motion, you kindly reminded us, the Members of the House, that we in India have a democratic principle and tradition and we have to maintain it. I put a simple question to you Sir which was tried to be raised by my hon. friend Shri S. M. Banerjee. What is this type of parliamentary democracy when a Member of Parliament, not of this Lok Sabha only but who has been a Member of the Lok Sabha for the last 10 years,—Shri Gopalan—is under detention? He was in the first Lok Sabha. He was the leader of the Communist Group. Still he is the leader of the party. Behind his back Shri Nanda has made derogatory remarks against him. What is this sort of democracy? Where are we being led to by this Government?

Shri Nanda has come out with a statement containing 45 pages. The issue is not between the Left CPI and the Government of India, it is a question of democracy and the democratic principles that are in danger. An eminent jurist, Shri Chatterjee, has amply described how illegal it is at this stage to detain persons without trial. The people of India expected that at least after the Kerala elections some good sense will prevail on the Government and they will invite Shri E. M. S. Namboodiripad, who is the leader of the majority party, to form a government. But, Sir, the Government is now conniving, is now trying to make hotch-potch arrangements with the Kerala Congress, and trying to form a Government putting the elected members inside the prison. Is this justice? Is this democracy? Is this parliamentary democracy?

Shri Bhagwat Jha Azad: Sure.

Shri Dinen Bhattacharya: Certainly not. One hon. Member from that side spoke. I do not know whether he belongs to the Congress or the Kerala Congress. From his remarks I understood that he was pleading for the Kerala Congress getting into power.

Shri Bhagwat Jha Azad: What are you, Left or Right?

Shri Dinen Bhattacharya: The statement that is there is absurd. It is full of false statements that I do not want to go into the details. Shri Jyoti Basu, the leader of the Left CPI has come out with two Press statements. The Government had not the guts to reply to them.

The Left CPI members are accused as being pro-China. I say it is a false statement, it is a lie, it has got no foundation. Shri Jyoti Basu has said:

> "We did not take the advice of any party, whether CPC or CPSU with regard to our party activities. We acted on our own considering the situation in India and our party."

If anything contrary to this is there, why is the Government afraid of bringing those persons before a court of law where everything can be

[Shri Dinen Bhattacharya]

settled? I know this Government has the least respect for the verdict of a court of law or the rule of law. One Shri Biren Dutt, a Member of this House, was released by the Supreme Court of India. The other six persons arrested were also released by the Supreme Court. But within a month they were re-arrested and detained without trial. Where is justice in this country? The people are losing all faith in this Government and in their activities.

I again challenge this Government. If they have got any material, any evidence against anybody who has been arrested or are detained, let them be put before a court. If they are proved to be traitors, pro-Chinese or Chinese agents, or that they were contemplating some subversive activities, let them be given the proper punishment by the court. Then the whole country will be behind the Government in their action. Until the Government does it, the history will show that only to keep the ruling party in power, only to hoodwink the people, to be-fool the people such a statement was made. Before that statement was made, people were told that it will be a white paper. Now it has come as a statement and it will go down in history as a black paper; not a statement. It does not contain even an iota of truth; only some ideological questions have been raised.

In Murat conspiracy case Justice Sulaiman has said in his judgment that you cannot impeach, you cannot punish, a person for his thought. If a person has some ideological view, you cannot punish him for that. You can punish a person only for his activities. Where is the proof of the pro-china activities of the people who have been detained Professor Mukherjee has said it; and I also repeat it, that supporters and financiers of Congress took overdraft from the Bank of China and it has been categorically stated in the West Bengal Legislative Council by Shri Jyoti Chakraverti. Not a single member of the Communist Party, either of the Right or of the Left, has got a single farthing as overdraft from the Bank of China. If the Government have got the guts, let them deny it and say what the truth is. If anybody has taken money from the Bank of China, it is the agents of the Congress and people who wanted to exploit the situation.

Before concluding my speech, I would again ask the whole House to consider this point. It is not a question of Shri Gopalan being released or not. In 1962 you had given reference to 1959. I say that all the members who were arrested, they were elected in 1962 in spite of your this type of propaganda.

This time Shri Nanda's speech, in which the Left Communists were dubbed as pro-Chinese was circulated by thousands in Kerala. Yet, the people refused to believe that cock and bull story of Shri Nanda and has elected the Communists in large numbers Shri Namboodiripad has come out with a statement, contradicting the illusion that was sought to be created by Shri Nanda by saying that the Congress has got the majority of votes. I say that it is not the Congress but the Opposition, including Rightists and Leftists and their supporters, that has got more than 47 per cent of the votes, which is more than what they obtained in the 1960 elections.

So, I would submit that Government should immediately realease all the detained memebrs. Let the elected Members of Kerala come out of detention and let Shri Namboodiripad form the Ministry. Let there be competition between the parties. Let the Communist Ministry function for some time. The Central Government have got ample powers to impose President's rule at any time by dismissing the Ministry, as they have done in 1959. It can be done again, but let there be a fair trial. Let the Government give a fair chance to the electorate and their elected represen-

tatives to serve them by forming the Ministry.

I will conclude by saying that this is a dishonest attempt to get some petty advantage for the ruling party by saying that other parties are anti-national or pro-Peking. Take Shri Gopalan. Can anybody face him in an election in Kerala? I make a challenge. Let Shri Nanda resign his seat and go to Kerala. Let Shri Gopalan also resign. Let them stand for election from Kerala. The people of Kerala will show who is the beloved son of this land, who is a patriot and who is not a patriot.

श्री राम सहाय पाण्डेय (गुना) : श्रीमन्, इस सदन् के माध्यम से श्री नन्दा जी ने सारे देश का ध्यान ऐसे संकट और ऐसे देश द्रोहियों के कार्यों की ओर आकर्षित किया है कि देश उस के लिए उनका अनुगृहीत होगा। वैसे तो श्रीमन्, साम्यवादियों का एक अपना इतिहास है। संसार भर में यह प्रसिद्ध है है कि उन का एक अपना इतिहास है। वह इतिहास लाल रंग की स्याही से लिखा हुआ है। इन का इतिहास तोड़ फोड़, सशस्त्र क्रान्ति, विस्तारवादी प्रवृत्तियां और जनता को भुलावे में रख कर अपना उल्लू सीधा करना है। इन का देशप्रेम यदि किसी तुला पर रख कर तोला जाय तो तराजू टूट जायगा और अगर किसी फीते से उन की भावनाओं को आंका जाय तो वह फीता भी टूट जायगा। इन की विचार संगति की यदि खोज की जाय तो एक बड़ी भारी क्रान्ति के संदेश की सर्वहारा का प्रतिनिधित्व करने का नारा लगाते हैं लेकिन वह अपने देश के लिए नहीं वरन् चीन के लिए है। इन की भावनाएं, इन की क्रान्ति, इन का सर्वहारा जन प्रतिनिधित्व का सुन्दर चित्र मास्को और रूस के लिए है, पेकिंग के लिए है। इन के दो रूप हैं। पश्चिमी साहित्यकार के एक नायक डा० जयकल का स्मरण आता है। उस ने कहा है कि एक डा० जयकल थे जिन्होंने कि सर्वहारा के माध्यम से बड़ी प्रतिष्ठा समाज में प्राप्त कर ली थी, रात को वह डाक्टर जयकल मिस्टर हाइड हो जाते थे और वह फिर भी नशे में मस्त हो कर ऐसे जघन्य और अवांछनीय कार्य करते यहां तक कि डाका भी वह डालते थे। मुझे स्मरण होता है कि मास्को के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि श्री ख्रुश्चेव जब यहां आए तो कश्मीर संदर्भ में यह कहा कि कश्मीर की घाटी में अगर कोई खतरा पाकिस्तान से हो तो इन पहाड़ों के ऊपर चढ़ कर पार्वती मंदिर के निकट पुकार देना हम तुम्हारी रक्षा के लिए आ जायेंगे। हमने देखा कि ठीक उस के कुछ दिन के बाद उन्हीं के एक साथी, पेकिंग के अधिष्ठाता माओत्से तंग और चाऊ एन लाई ने हमारे पर्वतराज हिमालय पर आक्रमण कर दिया। जब तक हम अपनी उस धरती को वापिस नहीं ले लेंगे तब तक वह खून के छींटे धोये नहीं जा सकते हैं।

श्रीमन्, एक बार चर्चिल ने इन कम्युनिस्टों और उन की विचारधाराओं का समन्वय करते हुए कहा था। कुछ समय चर्चिल भी उन का साथी था। द्वितीय विश्व युद्ध के संदर्भ में उस ने कहा था कि यह ऐसे लोग हैं कि यह ध्वंस की और वफादारी की प्रक्रियाओं को बड़े ढोंग के साथ एक गाड़ी में लाद कर चलते हैं। इन से सावधान रहना चाहिए। इतना ही नहीं हमारे राष्ट्रपिता बापू ने अपने 1942 के स्वाधीनता आन्दोलन की गतिविधि के संदर्भ में हरिजन में एक लेख लिख कर एक इंटरव्यू को शाया किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि इन की साम्यवादी विचारधारा और इन के आदर्श से हमारा कोई मतभेद नहीं है लेकिन इनकी जो अंडरग्राउन्ड या जो तोड़फोड़ की और सशस्त्र क्रान्ति की जनता को बरगलाने की जो प्रवृत्ति है हम निश्चित रूप से उसके विरुद्ध हैं। वह बापू का एक संदेश था। चर्चिल जो संसार का एक बड़ा भारी राजनीतिज्ञ और विशिष्ट प्रकार का जन नेता था उस का दूसरा कथन था। आज श्रीमन्, चाहे यह कहें कि कांग्रेस कम्युनिस्टों के विरुद्ध है लेकिन

[श्री राम सहाय पाण्डेय]

हमारा इतिहास बतलाता है कि हम तो बिलकुल विरुद्ध नहीं है । अगर विरुद्ध होते तो हम ने अब तक इन को जो बर्दाश्त किया वह कभी नहीं करते । गांधी जी के आन्दोलन के इतिहास के साथ इन का एक इतिहास जब बना तब मालूम पड़ा कि यह हमारे देश में देशद्रोह कर सकते हैं । उस 1951 के परिपत्र में जो सशस्त्र क्रान्ति का आवाहन किया तो पता चला कि घर का भेदी लंका ढा सकता है । यह हमारे ही आस्तीन के सांप हो सकते हैं जो हमारा दूध पीकर हम को डस सकते हैं ।

जब इस प्रकार की स्थिति आई तब हम को थोड़ी आंख रखनी पड़ी । श्री नन्दा ने उनको गिरिफ्तार करके बड़ी सुरक्षा के साथ अन्दर रख दिया है । वहां कोई खतरा नहीं है । माननीय सदस्य क्यों परेशान होते हैं? मैं समझता हूं कि वहां उनके लिए अच्छी खुराक और पानी का इन्तजाम है ।

जैसा मैंने कहा इन साम्यवादियों का हमारे देश में अपना एक इतिहास बन गया है । ऐसा लगता है कि उनका एक ही सिद्धान्त है—यह उनका बड़ा सिद्धान्त है—कि कोई सिद्धान्त नहीं है । अनेक विचार-धारायें हैं उनकी और उन विचार-धाराओं के पीछे पीकिंग की तानाशाही की छाया है । उनके विचार के कुछ देश भी हैं जिन में जनता का कोई अधिकार नहीं है । उनके कुछ दिमाग भी हैं जो लाल रंग के भूसे से भरे हुए हैं—वह भसा भी रंगा हुआ है, शुद्ध भूसा नहीं है । ठीक ठीक सीधे सीधे और अच्छी व्यवस्था के साथ वे किसी देश में नहीं रह सकते । जो माननीय सदस्य मास्को गुट से लगे हुए हैं वे खुद फैसला करें कि पीकिंग के पिटठुओं के सम्बन्ध में उनकी विचार-धारा क्या है ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : मास्को ने ही आपको बचा कर रखा है ।

श्री राम सहाय पाण्डेय : श्रीमन्, मास्को गुट ने कम्यूनिस्ट पार्टी के सेंट्रल कंट्रोल कमीशन के द्वारा पीकिंग गुट के सम्बन्ध में जो जांच कराई मैं आप का ध्यान उसकी रिपोर्ट के एक अंश की ओर खींचना चाहता हूं । आप देखिए कि वे स्वयं साम्यवादियों के चीनी-पीकिंग गुट के सम्बन्ध में क्या कहते हैं:

> "इस प्रतिक्रियावादी गुट ने अन्तर्राष्ट्रीय प्रालिटेरियटवाद का मार्ग त्याग दिया है और अंधे राष्ट्रवाद और क्रान्तिकारी जनता तथा श्रमिक वर्ग के प्रति सन्देह का मार्ग अपनाया है ।"

यह कांग्रेस नहीं कहती, यह श्री नन्दा नहीं कहते, यह कहती है श्री हीरेन मुकर्जी की पार्टी जो मास्को के साथ लगी हुई है ।

इस श्वेतपत्र के पृष्ठ 29 पर यह बताया गया है कि स्वयं कम्यूनिस्ट पार्टी के नेताओं ने वामपन्थी गुट के सम्बन्ध में क्या राय दी । उन्होंने कहा :

> "विश्व साम्यवादी आन्दोलन के अन्तर्गत सैद्धांतिक वाद-विवाद की उग्रता के साथ अधिकांश कामरेडों (वामपक्षी) ने अपने विचारों तथा कामकाज का चीनी साम्यवादी दल की स्थिति के साथ गठबंधन कर दिया है ।"

यह श्री नन्दा नहीं कहते, यह श्री हीरेन मुकर्जी की पार्टी कहती है, जो अभी बहुत जोरों से बोल रहे थे ।

श्री सरजू पाण्डेय (रसड़ा) : माननीय सदस्य के पास क्या सबूत है? वह तो हमारी ही बात कह रहे हैं ।

श्री भागवत झा आजाद (भागलपुर): मियां की जूती मियां के सिर ।

श्री राम सहाय पाण्डेय : श्वेतपत्र के पृष्ठ 31 पर कहा गया है :

> "चीन समर्थक नेताओं ने चीनी साम्यवादी दल की सेंट्रल कमेटी के वैकल्पिक सदस्य चू-यांग द्वारा 26 अक्तूबर 1963 को चीनी विज्ञान अकादमी के समक्ष दिये गये भाषण को प्रसारित किया । इस भाषण में दुनिया के साम्यवादी दलों में फूट डालने के सैद्धान्तिक औचित्य के बारे में कहा गया था।"

साम्यवादी दल की ओर से कहा गया है कि वह पार्लियामेंटरी प्रथाओं और प्रणालियों में विश्वास करता है लेकिन उसकी ओर से 1951 में एक दस्तावेज प्रकाशित किया गया, जिसमें यह कहा गया:

> "हिन्दुस्तान एक बहुत बड़ा देश है जहां की आर्थिक स्थिति बहुत पिछड़ी हुई है और यहां के 80 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर करते हैं। इस तरह के देश में, जैसे कि चीन के अनुभव से मालूम हुआ गुरिल्ला युद्ध पद्धति किसी भी क्रान्तिकारी आन्दोलन के लिये बहुत ही असरदार हथियार है और राष्ट्रीय आजादी के युद्ध में कम्यूनिस्ट पार्टी या साम्यवादी दल को इस हथियार को काम में लाना पड़ेगा । ..... चीन के मुकाबले में हिन्दुस्तान में यातायात की बड़ी तरक्की हो गई है और इस तरह हमारे गुरिल्ला युद्ध के खिलाफ सरकार तेजी के साथ बहुत बड़ी सेना हमारे सामने उपस्थित कर सकती है। सबसे बड़ी बात यह है कि हिन्दुस्तान की भौगोलिक स्थिति कुछ ऐसी है कि हम लोगों के पास दूसरे पड़ौसी दोस्त ऐसे राज्य नहीं हैं जो पीछे से पूरी ताकत और दृढ़ता के साथ हमारी मदद कर सकें।"

ये शब्द उस पत्रिका, पैम्फलैट के हैं, जिसको चुपके चुपके बांटा गया और जो अब भी साम्यवादी दल के अपने रिकार्ड में मिलेगा । इस से सिद्ध होता है कि इन लोगों का सशस्त्र क्रान्ति में पूरा विश्वास है, यह पीछे से चाकू घोंप कर आगे जाना चाहते हैं, चीन के साथ गठबंधन करना चाहते हैं और प्रजातंत्र की हत्या करना चाहते हैं। ये ऐसे देशद्रोही हैं, जिनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। मैं समझता हूं कि सरकार ने उनके साथ बहुत रियायत की है। आखिर गिरफ्तार करने से क्या होता है? हमारा देश एक प्रजातंत्र है। इस में नन्दा जी ज्यादा से ज्यादा क्या कर सकते हैं? जेल में रख सकते हैं, जहां अच्छा खाना दिया जाता है। यहां पर श्री हीरेन मुकर्जी तड़क तड़क कर बोल सकते हैं और उसका विरोध कर सकते हैं, पायंट आफ आर्डर उठा सकते हैं और सदन की कार्यवाही को भंग करने की प्रक्रिया को अपना सकते हैं। लेकिन आप कल्पना कीजिए कि अगर ये लोग चीन में होते--अगर रूस में भी होते-- और वहां पर उस देश के विरुद्ध कोई आवाज उठाते तो जेल नहीं होती, - - -

एक माननीय सदस्य: गोली से मार दिया जाता ।

श्री राम सहाय पाण्डेय : ....बल्कि किसी चौराहे पर कुछ फैसला होता और वह फैसला क्या होता, माननीय सदस्य वहां जा कर देख लें, उन को पता चल जायेगा । (*Interruption*) मैं कहना चाहता हूं कि अगर सरकार इस प्रकार का कोई निर्णय न करती और सजा न देती, तो फिर जनता स्वयं अपने भाग्य का फैसला करती,

[श्री राम सहाय पाण्डेय]

वह स्वयं इन्तजाम करती और डट कर अच्छी सेवा करती ।

जहां तक रूस का सम्बन्ध है, जब ख्रुश्चेव यहां आए, तो वह पहला अवसर था कि रूस का कोई अधिष्ठाता यहां आए । लाखों की भीड़ ने उस का स्वागत किया और उस की आंखें खुल गईं । बाद में पंडित जी का वहां पर स्वागत किया गया । तब उस ने समझा कि संसार में सह-अस्तित्व, जनता की प्रतिष्ठा और गरिमा को स्वीकार करना पड़ेगा और थोड़ा स्वच्छन्दता का वातावरण देना होगा । ख्रुश्चेव को भी हटा दिया इन लोगों ने । (*Interruption*)

जहां तक चीन का सम्बन्ध है, वहां एक पार्लियामेंट है, जिसकी प्रोसीडिंग्ज हम ने अभी पढ़ीं । 3532 लोग एक पार्क में खड़े होकर दो रोज सैशन करते हैं । यह वहां का प्रजातन्त्र है, यह वहां की विस्तारवादी मनोवृत्ति है ।

श्री नन्दा घबरायें नहीं, जरा डट कर इन का मुकाबला करें । सारी जनता और कांग्रेस दल उन के साथ है । आप कस्टोडियन आफ़ डेमोक्रेसी हैं । अगर आप अपना हित चाहते हैं, तो कम्यूनिस्टों की भर्त्सना में आप भी साथ दीजिए ।

श्री हुकम चन्द कछवाय : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपने दल की ओर से गृह मंत्री का बड़ा धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इतना अच्छा कदम उठाया । दुर्भाग्य इस बात का है कि नींद तो खुली, लेकिन काफी समय बाद खुली । यह कार्यवाही काफ़ी समय पहले होनी चाहिए थी, परन्तु वह काफी लेट की गई । इस पुस्तक में जो विवरण दिया गया है, यह हम ने अनेकों बार समाचार-पत्रों में पढ़ा है और रेडियो से सुना है । लेकिन इस में बहुत अच्छी बातें हैं, जिन को ले कर हम सारे देश में जनता को बता सकते हैं कि वामपन्थी कम्यूनिस्टों की गतिविधियां क्या हैं ।

इतनी अच्छी पुस्तक के बारे में हमारे एक मित्र कहते हैं कि इस में कुछ भी नहीं है । उन का कहना ठीक है । चूंकि उन के दिमाग में कुछ नहीं है, इस लिए वह इस पुस्तक से कुछ नहीं समझते । इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि जो व्यक्ति अपराधी को सहारा देता है, सहयोग देता है या उसकी वकालत करता है, वह भी उतना ही अपराधी है ।

आज हमारे देश में कम्यूनिस्टों की जो गतिविधियां चल रहीं हैं, उन के सम्बन्ध में सरकार को और कठोर कदम उठाना चाहिए । आज हम जिस बात पर चर्चा कर रहे हैं, वह तो पहले ही समाप्त हो जाती । जिस समय देश पर आक्रमण हुआ, तब हमारे भूत-पूर्व गृह-मंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री ने कुछ कम्यूनिस्टों को एरेस्ट किया । मैं चाहता था कि उन को एरेस्ट न किया जाता ताकि देश की जनता यह बताती कि देश-द्रोही कौन है और देशभक्त कौन है । इस देश में देशभक्तों का भंडार भरा हुआ है, कन्या कुमारी से ले कर काश्मीर तक, दक्षिण से ले कर उत्तर तक, देशभक्तों का जाल बिछा हुआ है । वे इन से निपटने की ताकत रखते हैं । वे इन को पिस्सू की तरह मसल दें, परन्तु हमारी सरकार के द्वारा इन लोगों को बढ़ावा दिया गया है ।

इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं हम यह बात जानते हैं और सभी लोग जानते हैं कि जब घर के अन्दर खटमल, मच्छर, पिस्सू इत्यादि, बढ़ जाते हैं तो उनको समाप्त करने के लिए, उनको खत्म करने के लिए, उनका नाश करने के लिए कौन सी दवाई

की जरूरत पड़ती है । उनको खत्म करने के लिए डी० डी० टी० के पाउडर की जरूरत होती है । ये जो खटमल, मच्छर इत्यादि हैं ये बढ़ रहे हैं और इनको मारने के लिए इस पाउडर का ही इस्तेमाल करना होगा । आप निगाह डालें, आपको देश भक्तों की टोलियां मिल जायेंगी और वे ही इन का नाश कर सकती हैं । आप उन पर कोई अंकुश न लगायें वे अपने आप इन से निपट लेंगी । आपको भागदौड़ करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।

जो यहां चीनी दूतावास है, उससे आपको चाहिए कि आप सम्बन्ध तोड़ लें । आज आप उससे सम्बन्ध बनाये हुए हैं । दूतावासों में होता क्या है ? इन्हीं दूतावासों में देश के विरुद्ध काम करने की सारी योजनायें पाकिस्तान द्वारा और चीन द्वारा अनेक प्रकार की बनाई जाती हैं, देशद्रोही योजनाएं बनाई जाती हैं । जहां तक कम्युनिस्ट पार्टी का संबंध है, उसको नाजायज ठहराया जाना चाहिए, पूरी पार्टी को समाप्त आपको करना चाहिए। मैं यह बात अपने दल की ओर से आपके सामने रख रहा हूं ।

सुरक्षा कानून के अन्तर्गत जिन लोगों को बन्द गिया गया है उनको इस तरह से आपको बन्द नहीं करना चाहिए, उन पर आपको मुकदमे चलाने चाहिएं । आपने उनको इस तरह से बन्द करके हीरो बना दिया है, नेता बना दिया है, उनको चमका दिया है । उन पर आप मुकदमा चलाओ । देश द्रोही के साथ जो व्यवहार होता है, वह व्यवहार आप इनके साथ करो । जिस तरह से किसी देश द्रोही पर मुकदमा चलता है, उस तरह से इन पर भी आप मुकदमा चलायें । तब जो सरकार ने कदम उठाया है, उसको ठीक कदम समझा जायगा ।

इस पुस्तक में बहुत से तथ्य नहीं दिये गये हैं । सरकार को सभी तथ्य देने चाहिए । क्यों उनको छिपा कर आपने रख छोड़ा है । पूरी बात बताई जानी चाहिए, कुछ छिपाया नहीं जाना चाहिए । चाइना बैंक का जहां तक सम्बन्ध है, उससे सम्बन्धित जितने भी नाम हैं, वे सब सदन के सामने आने चाहिएं। उन सब नामों की जानकारी जनता को दी जानी चाहिए। जनता को पता लगना चाहिए कि वास्तव में उनकी गतिविधियां क्या हैं ।

चुनावों से पहले जिन को पकड़ा गया है और अब चुनाव के बाद उनको न छोड़ने की जो नीति अपनाई गई है उसके सम्बन्ध में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि सरकार को उस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिये, उनके ऊपर जो लांछन लगाये गये हैं उनके ऊपर सरकार को गम्भीरता से सोच विचार करके जितना कड़ा से कड़ा उनको दण्ड दिया जा सकता हो देना चाहिये । जो व्यवहार देश द्रोहियों के साथ होता है, वही उनके साथ भी होना चाहिये ।

यह परिस्थिति पैदा क्यों हुई ? कृष्ण मेनन साहब हमारे प्रतिरक्षा मंत्री थे अगर वह सजग होते तो यह स्थिति पैदा न होती । उन्होंने सदन को बताया कि हम पूरी तरह से तैयार हैं । उन्होंने सदन को धोखे में रखा, सरकार को धोखे में रखा देश की जनता को धोखे में रखा । आज हमारे चव्हाण साहब सजग हैं । उनकी तरह से उनको भी सजग होना चाहिये था । उनकी तरह से उनको भी सतर्क रहना चाहिये था । इतना बड़ा अपराध करने के बाद उन्होंने केवल हटा दिया गया और कुछ दंड नहीं दिया गया । उन्होंने इतना बड़ा अपराध किया कि हजारों सैनिकों को मरवा दिया लेकिन फिर भी उनको बेदाग छोड़ दिया गया । यह कहां का न्याय था । प्रजातंत्र में जो अपराध करे उसको दण्ड न मिले यह कहां का न्याय है ? इस तरह से क्या प्रजातंत्र टिक सकता है? नहीं टिक सकता है । अब भी समय है कि भूतपूर्व प्रतिरक्षा मंत्री पर मुकदमा चलाया जाए । उनके ऊपर भी देश द्रोह के लांछन लगे हुए हैं । तब आने वाली जनता को हम बता सकेंगे कि प्रजातंत्र

[श्री हुकम चन्द कछवाय]

में क्या क्या हो सकता है। तब हम लोगों को बता सकते हैं कि हमारे देश में जो अपराध करता है वह दण्ड भी भोगता है।

वामपंथी और दक्षिणपंथी की भाषा बोलनी किस ने शुरू की? यह नारा किस ने लगाया। यह नारा हमारी सरकार द्वारा ही तो लगाया गया है। इसी कांग्रेस द्वारा ही तो लगाया गया है। कुछ कम्मुनिस्ट ऐसे हैं जो उपद्रव करना नहीं चाहते हैं, जो चीन का साथ नहीं देना चाहते, जो चीन का समर्थन नहीं करते हैं और कुछ ऐसे हैं जो समर्थन करते हैं, यह बात हमारी सरकार द्वारा ही तो बताई गई है। मैं दक्षिण पंथी कम्युनिस्टों से कहना चाहता हूं कि वे मजदूरों की बड़ी दुहाई देते हैं तो क्या कारण है कि यहां देश के अन्दर बहुत से मजदूर संगठन हैं, मजदूर यूनियन हैं, उन में शामिल हो जाते, क्यों नहीं वे उनके साथ मिल कर काम करते, क्यों नहीं उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करते? आपके मन में तो यही है कि तोड़ो, फोड़ो, और उपद्रव कराओ मजदूरों को भड़काओ, उनको पेट भर अगर नहीं मिलेगा तो हमारी दूकान चलती रहेगी यह इनका नारा है?

देश के अन्दर ऐसी और भी पार्टियां हैं जो देश द्रोह का काम करती हैं। स्वतंत्र पार्टी भी उन में से एक है। क्या स्वतन्त्र पार्टी यह नहीं चाहती कि काश्मीर अलग रहे? क्या शेख अब्दुल्ला को उन्होंने छुड़वाने के प्रयत्न नहीं किए? क्या उन्होंने अंग्रेजी भाषा को जो एक विदेशी भाषा है, बनाये रखने को नहीं कहा है और यह नहीं कहा है कि अंग्रेजी देश की भाषा होनी चाहिये। क्या जयप्रकाश नारायण जी के भाषणों का उन्होंने समर्थन नहीं किया है? मैं यह नहीं कहता हूं कि पूरी की पूरी पार्टी ऐसी है। उस पार्टी में कुछ लोग अच्छे भी हैं। लेकिन उन में से भी जो ऐसी भाषा बोलें, जो काश्मीर को अलग करने की बात करें, उन पर प्रतिबन्ध लगना चाहिये।

नन्दा जी से मैं कहना चाहता हूं कि वह इस बात को न भूलें कि देश के अन्दर जो देशभक्त हैं, उनको भी आपने सुरक्षा नियमों का इस्तेमाल करके अन्दर कर दिया है। कई स्थानों पर खास करके महाराष्ट्र के अन्दर हमारे कार्यकर्त्ताओं को इन्होंने पकड़ा है। क्या कारण था उनको पकड़ने का? कोई कारण नहीं था। उनको छोड़ा जाना चाहिये, बिना शर्त रिहा करना चाहिए। उन्होंने कोई अपराध नहीं किया। जो अपराध करते हैं वे तो बाहर रहते हैं और जिन्होंने कोई अपराध नहीं किया होता है उनको अन्दर कर दिया जाता है। यह जो गलत ढंग से इस कानून का इस्तेमाल किया जा रहा है, यह बन्द होना चाहिये। उन पर मुकदमे चलने चाहिये अगर उन्होंने वास्तव में कोई अपराध किया है तो।

बड़ी हिम्मत के साथ नन्दा जी ने जो कदम उठाया है, उसकी मैं सराहना करता हूं। लेकिन पुस्तक में जो कमी है उसको पूरा किया जाए, यह मैं उन से प्रार्थना करता हूँ।

श्री सरजू पाण्डेय: अध्यक्ष महोदय, जिस पार्टी के बारे में इस सदन में इस वक्त विचार हो रहा है उसके बारे में बहस इस बात की है कि जो आरोप लगाये गये हैं क्या वे इतने काफ़ी हैं, क्या वे ऐसे हैं कि इतने सारे लोगों को जेल में बन्द कर दिया जाए और उन पर मुकदमा भी न चलाया जाए। बहुत से माननीय सदस्यों ने और खास तौर पर प्रकाशवीर शास्त्री जी ने और दूसरों ने भी कम्युनिस्ट पार्टी पर इस बात का आरोप लगाया है और जहां तक हो सका है यह साबित करने की कोशिश की है कि ये देश भक्त नहीं हैं। हमारा कहना यह है कि देशभक्ति इस बात से नहीं आंकी जाती है कि किस का विचार क्या है। मैं उन लोगों को भी जानता हूं जो लोग आज अपने आपको

देश भक्त बताते हैं, जो देश भक्ति की बात करते हैं लेकिन अगर उनका जो इतिहास रहा है उसको देखा जाए तो पता चलेगा कि ये कभी भी देश भक्त नहीं रहे हैं और न भविष्य में रहेंगे। गलत बात करने से और गलत आरोप लगाने से देश का और प्रजातंत्र का स्तर गिरता है।

हमारा कहना यह है कि अगर किसी के बारे में, किसी दल के बारे में या किसी व्यक्ति विशेष के बारे में कोई ठोस आरोप है तो सरकार को उन आरोपों को सामने लाना चाहिये। गलत बातें कहना और गलत बातें पढ़ना और ऐसी बातें कर देना जिन में कोई तथ्य न हो, उससे देश के सामने भ्रम उत्पन्न होता है और लोगों का विधान और इस सदन में विश्वास उठता है। नन्दा जी को चाहिये कि था अगर उनके खिलाफ कोई आरोप थे, उनके पास कोई ठोस प्रमाण थे तो उनको हमारे सामने लाते। इनका सी० आई० डी० विभाग कहां था, कहां तक इनका वह सारा अमला जो इस तरह की हरकतें करने वालों का पीछा किया करता है, कहां है इनका सारा और कार्यकलाप जिससे पता लगता कि सही मानों में इन लोगों ने ऐसे कार्य किये हैं जिन की बदौलत इतने साले लोगों को जेलों में बगैर मुकदमे चलाये बन्द करने की जरूरत पड़ गई। ये जो ठोस प्रमाण हैं, ये आने चाहिये थें। इस तरह का कोई भी प्रमाण हमारे सामने पेश नहीं किया गया है।

माननीय सदस्यों ने कई प्रकार के आरोप कम्युनिस्ट पार्टी पर लगाये हैं। मैं उनको बतलाना चाहता हूं कि कम्युनिस्ट पार्टी में ऐसे ऐसे भी सदस्य हैं जो आप से बीस गुना ज्यादा कुर्बानियां दे चुके हैं। अगर इस तरह की कोई बात कही जाती है तो मैं भी यह कुर्बानियों की बात दावे के साथ कह सकता हूं।

जो भी आदमी देश के साथ गद्दारी करता है, जो सही मानों में देश में विश्वास नहीं रखता है, उस पर मुकदमा चलना चाहिये। यहां बहस यह भी हो रही है कि रूस में प्रजातंत्र नहीं है। एक कांग्रेस मिनिस्टर ने पूछा था जेलखानें में कि अगर आपके राज में ऐसा होता तो आप क्या करते? हम कहते हैं कि किसी भी आदमी को सजा देने के लिए सरकार को पवित्र होना पड़ेगा। जिस पार्टी के सारे मैम्बर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जिस पार्टी के मैम्बर चाइना बैंक के मैम्बर हैं, जिस पार्टी के सारे मैम्बर दूसरों से पैसा लेते हैं वह पार्टी कभी भी जनता का विश्वास प्राप्त नहीं कर सकती है। गोली मारने के लिए भी साहस चाहिये।

प्रजातंत्र का क्या अर्थ है अगर कोई प्रमाण उपस्थित नहीं किये जा सकते हैं? सिर्फ गालियां देकर कम्युनिस्ट पार्टी को दबाया नहीं जा सकता है। यह सिद्ध करने की कोशिश करके कि हम ही देश भक्त हैं और दूसरी तरफ बैठने वाले लोग देश भक्त नहीं हैं, मैं, श्रीमान् कहना चाहता हूं कि कम्युनिस्ट पार्टी को कोई भी आदमी दबा नहीं सकता है।

हमारे हिरेन मुखर्जी साहब ने कहा कि सूरज की तरह कम्युनिस्ट पार्टी के सिद्धान्त सत्य हैं। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहना है कि कांग्रेस बैंचों पर बैठने वाले माननीय सदस्यों ने भी तसलीम किया है कि बगैर समाजवादी अर्थव्यवस्था के देश का कल्याण नहीं हो सकता तब फिर बहस किस बात की है? आप भी तो समाजवाद चाहते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि आप समाजवाद का बाना पहन करके देश को धोखा देना चाहते हैं और हम सच्चे समाजवादी हैं। हमारा चार्ज ही यह है कि आप देश में गलत बातों का प्रचार करना चाहते हैं। उद्धरण दिए जाते हैं कि कम्युनिस्ट पार्टी में मतभेद हैं। लेकिन इसमें क्या बहस है। बहस तो इस बात की है कि उन्होंने कौन सा ऐसा कार्य किया है, उनका कौन सा ऐसा डाकूमेंट आपको मिला है जिससे आप इस नतीजे पर पहुंचे

[श्री सरजू पाण्डेय]

हैं कि वे गद्दार हैं। अगर ऐसी कोई बात है तो उसे सामने लाना चाहिए। अगर इसी दरह के आरोप लगाकर आप लोगों को जेलों में डालेंगे तब तो आप उन सब लोगों को जेल में डाल देंगे जो आपके खिलाफ भ्रष्टाचार की बात कहते हैं। आप उन लोगों को जेलों में डाल देंगे जो कि आप से गरीबों की मांगों के लिए लड़ते हैं। अगर आप ऐसी बातें करेंगे तो लाजिमी तौर पर देश में प्रजातंत्र समाप्त हो जाएगा। हम चाहते हैं कि नन्दा जी कुछ प्रमाणों के साथ देश के सामने आवें। लेकिन एक जनरल बात कही जाती है कि हम बिल्कुल सही हैं और बाकी सब लोग गलत हैं और इसी चीज को देश के सामने रखा जाता है। मुझे इस सिलसिले में सिकन्दर और डाकू की एक बात याद आती है। एक डाकू सिकन्दर के पास पकड़ कर लाया गया। सिकन्दर ने उससे पूछा कि तूने डाका क्यों डाला। उसने कहा मैंने तो एक डाका डाला है, तू तो रोज डाके डालता है। वही हालत सरकार की है। दूसरों को गालियां देते हैं और खुद गलत काम करते हैं। कुछ ऐसे लोग जैसे शास्त्री जी हैं जो कि देश में देश भक्ति के नाम पर जातीयता का प्रचार करते हैं। ऐसे ही लोगों ने हिन्दी भाषा को बदनाम किया है और इन्हीं के कारण अहिन्दी भाषी लोग हिन्दी का विरोध करने के लिए मजबूर हुए हैं। यही आदमी हैं जिन्होंने देश में हिन्दी को बदनाम किया है। इन्होंने ही जातीयता का प्रचार किया है। यही लोग हैं जिन्होंने देश में साम्प्रदायिकता फैलायी है। ऐसे लोगों को सरकार को जेलों में बन्द करना चाहिये। हम आपसे कहते हैं कि जनसंघ के लोग—जिनमें शास्त्री जी हैं यद्यपि अपने को निर्दलीय कहते हैं—प्रतिक्रियावादी हैं....

श्री बड़े (खारगोन) : क्या व्यक्तिगत बातें यहां लायी जा सकती हैं।

श्री सरजू पाण्डेय : ऐसे ही लोग देश में जातीयता का प्रचार करते हैं।

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : क्या व्यक्तिगत आक्षेप यहां किए जा सकते हैं?

श्री सरजू पाण्डेय : हमको कोई ऐतराज नहीं है आप कम्युनिस्टों को बन्द कीजिए लेकिन प्रमाण तो उपस्थित कीजिए। लेकिन उनकी बात पूछिए जो देश भक्त बैठे हैं जो ऐसे पूंजीपतियों के पीछे हैं जो आज भी चीन को चावल बेच रहे हैं, और इस चीज को उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने भी स्वीकार किया है। यही देश भक्त हैं जो हिन्दी के नाम पर, जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर भगवान के नाम पर देश में साम्प्रदायिकता फैलाते हैं। अगर आप हमको बन्द करते हैं तो इनको भी बन्द कीजिए।

Mr. Speaker: Mr. M. P. Mishra.... (*Interruptions.*) He is not here?

Some hon. Members *rose*—

Mr. Speaker: The hon. Minister. He may begin his speech.

Shri Nanda: Mr. Speaker, Sir, may I start on a personal note?

Mr. Speaker: If it is personal, we will have it tomorrow. He can continue tomorrow.

18.54 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till eleven of the Clock on Friday, March 12, 1965/Phalguna 21, 1886 (Saka).

GMGIPND—LS II—2406(Ai)LSD—3-4-65—1020